ज्ञानामृत

भय से तब तक ही डरना चाहिये जब तक भय (पास) न आया हो। आये हुए भय को देखकर बिना शंका के उस पर प्रहार करना चाहिये।

▶▶ पंचतंत्र

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, मंगलवार, 20 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 135 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की शाहदरा जिले की टीम ने एनसीईआरटी की नकली किताबें बेचने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन में बाप-बेटे की जोड़ी को गिरफ्तार किया गया है और करीब 1.7 लाख से अधिक नकली किताबें जब्त की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 2.4 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अब इस मामले में दिल्ली पुलिस नकली किताबें छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के साथ ही थोक विक्रेताओं और शिक्षा संस्थानों तक की भूमिका की भी जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 16 मई को शाहदरा जिले की पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली थी कि मंडोली रोड स्थित एक दुकान पर अवैध रूप से एनसीईआरटी की नकली किताबें बेची जा रही हैं. सूचना मिलते ही स्पेशल स्टाफ की टीम ने कार्रवाई की।



### शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद

**मुंबई, एजेंसी।** बीएसई सेंसेक्स में सोमवार को 271 अंक की गिरावट दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा दिन रहा जब आईटी शेयरों में बिकवाली और मूडीज रेटिंग्स द्वारा अमेरिका की रेटिंग घटाए जाने के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी का रुख देखने को मिला। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 271.17 अंक या 0.33 प्रतिशत गिरकर 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 366.02 अंक या 0.44 प्रतिशत गिरकर 81,964.57 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 74.35 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,945.45 पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में इटरनल, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक और अडानी पोर्ट्स पिछड़ गए।




### इस्राइल ने हमास के खिलाफ शुरू किया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स

**तेल अवीव, एजेंसी।** हमास के खिलाफ इस्राइल का अभियान लगातार जारी है। अब इस्राइली रक्षा बलों ने हमास के खिलाफ अपना नया ऑपरेशन गिदोन चैरिएट्स शुरू किया है। आईडीएफ प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने एक वीडियो संदेश में नए ऑपरेशन के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कर्नल शोशनी ने बताया कि आईडीएफ ने उत्तरी और दक्षिणी गाजा में ऑपरेशन को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर के नरसंहार के बाद हमारा मिशन स्पष्ट है। हमारे बंधकों को वापस घर लाना और हमास की सैन्य और शासन क्षमताओं को नष्ट करना। पिछले सप्ताह इस्राइली वायु सेना ने हमास के 670 से ज्यादा ठिकानों, सुरंगों, हथियार स्थलों, टैंक रोधी इकाइयों पर हमला किया।



### एसबीआई ने सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई ने 16 मई से सभी अवधियों की सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती की है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, 3 करोड़ रुपये से कम की खुदरा घरेलू सावधि जमा पर ब्याज दरों में कटौती आम जनता और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए लागू है। 2 वर्ष से 3 वर्ष से कम की अवधि के लिए जमा पर निवेशकों को अधिकतम 6.7 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, इसके बाद 3 वर्ष से 5 वर्ष से कम की अवधि के लिए 16 मई से 6.55 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। 5 वर्ष से 10 वर्ष की सावधि जमा पर अब आम जनता के लिए 6.30 प्रतिशत ब्याज मिलता है, जबकि 1 वर्ष से 2 वर्ष से कम अवधि की जमा पर यह 6.5 प्रतिशत है। बैंक के अनुसार, अमृत वृष्टि (444 दिन) की विशिष्ट अवधि योजना की ब्याज दर भी 16 मई, 2025 से 7.05 प्रतिशत से संशोधित कर 6.85 प्रतिशत कर दी गई है।




## बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के ग्राम आमागोहन में उतरा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला, समाधान शिविर में हुए शामिल


# जो सरकार अच्छा काम करती है वह आम जनता के बीच जाने से नहीं कतराती: साय

**विजय मत, ब्यूरो बिलासपुर**

सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का उड़न खटोला बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आमागोहन में उतरा। वनांचल के आदिवासी ग्राम में मुख्यमंत्री साय को अपने बीच पाकर ग्रामीणों में उत्साह और खुशी का माहौल था। वे चिलचिलाती धूप की परवाह किए बगैर अपने राज्य के मुखिया को एक झलक देखने और उन्हें सुनने के लिए घण्टो डटे रहे।

मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में जहाँ ग्रामीणों से संवाद किया, वहीं मुख्यमंत्री ने समाधान पेटी में डाले गए आवेदनों की निराकरण की स्थिति भी जानी। उन्होंने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि आज सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। जो सरकार अच्छा काम करती है उनकी ही हिम्मत होती है जनता के बीच जाने की। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी। इसके माध्यम से सरकार योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रही है। ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से राज्य में हमारी सरकार बनी और डेढ़ वर्ष पूरे कर लिए हैं। इस अवधि में लोकसभा, नगरीय निकाय, नगर पंचायत में हमारी सरकार बनी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने

### हितग्राहियों को सौंपी आवास की चाबी, विद्यार्थियों का किया सम्मान




इस दौरान मुख्यमंत्री ने पीएम आवास के हितग्राही छतौनी लाल, नरबदिया बाई, समरीत बाई को आवास की चाबी सौंपी। उन्होंने बिहान के महिला समूहों, सहकारिता, उद्यान, राजस्व और स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री और राशि का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री को छात्र दीपिका और देवी सिंह खुसरो ने हाथ से बनाई मुख्यमंत्री की पोट्रेट भी भेंट की। साथ ही आमागोहन के समाधान शिविर में मुख्यमंत्री ने 10वी-12वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने दसवीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली महिमा पटेल, स्नेहा सेन, बारहवीं की वर्षा पाण्डेय को सम्मानित कर उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**सब इंजीनियर से कहा, गेट आउट...** छत्तीसगढ़ के क्रम में मुख्यमंत्री साय गौरेला-पेंड्रा मरवाही जिले के चुकतीपानी नेवसा गांव भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और शिकायत सुनी। इस बीच ग्रामीणों ने गांव में पेयजल व्यवस्था की समस्या बताई। सीएम साय ने जल जीवन मिशन में लापरवाही की शिकायत पर चौपाल में ही पीएचई के सब इंजीनियर को फटकार लगाई। चौपाल के बीच नारायण सिंह कंवर को कहा कि, या तो ईमानदारी से काम करो या निलंबन के लिए तैयार रहो। यह सरकार का काम है, कोई मजाक नहीं। इसके बाद 'गेट आउट' कहकर वहां से हटा दिया।

### अटल डिजिटल सेवा केंद्र से जुड़ेंगे गांव

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 24 अप्रैल से ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ की है। इस योजना से सभी ग्राम पंचायत जुड़ेंगे और ग्रामीणों को गाँव में ही बैंक जैसी सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि अटल डिजिटल सेवा केंद्र में किसी भी योजना के हितग्राहियों को राशि निकालने में सुविधा होगी। वही जाति, निवास सहित अन्य दस्तावेज भी मिल पाएंगे। अभी 1460 पंचायत में यह प्रारंभ की गई है। इससे ग्रामीणों को बैंक तक दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

### बेलगहना में कॉलेज, आमागोहन में विद्युत सब स्टेशन और सामुदायिक भवन की घोषणा

मुख्यमंत्री साय ने आमागोहन के समाधान शिविर में आई मांग को ध्यान रखकर बेलगहना में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने आमागोहन सहित आसपास के ग्रामों में लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए 33 केव्ही का विद्युत सब स्टेशन और विभिन्न कार्यर मों के आयोजन के लिए सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

## सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी की याचिका खारिज की, कहा-

# भारत कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर विदेशी नागरिकों को रहने की जगह दें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी। अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें।



### यह है मामला

याचिकाकर्ता को 2015 में दो अन्य लोगों के साथ एलटीटीआई कार्यकर्ता होने के शक में गिरफ्तार किया गया था। उसे यूएपीए के तहत ट्रायल कोर्ट ने दोषी ठहराया और 10 साल की सजा सुनाई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने उसकी सजा घटाकर तीन साल कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि सजा पूरी होने के बाद उसको देश छोड़ना होगा। वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता 2009 में एलटीटीआई के पूर्व सदस्य के रूप में श्रीलंका में युद्ध लड़ चुका है और उसे वहां से निकाला गया है। अगर उसे वापस भेजा जाता है तो उसकी जान को खतरा होगा। उसने कहा कि उसकी पत्नी और बेटा कई बीमारियों से पीड़ित हैं।

### यूएपीए मामले में सात साल की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात साल की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ को बताया कि श्रीलंकाई तमिल युवक वीजा पर यहां आया था। उसे अपने देश में जान का खतरा है। वह बिना किसी निर्वासन प्रक्रिया के तीन साल से हिरासत में है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी। लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जाएं।

## शाह के बयान पर सुप्रीम कोर्ट की फटकार, कहा-

# मंत्री की माफी स्वीकार नहीं आपको शर्म आनी चाहिए

- तीन आईपीएस की एसआईटी करेगी मामले की जांच
- फिलहाल गिरफ्तारी पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक बार फिर मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह को कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर दिए बयान पर फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस मामले में मंत्री की माफी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। पीठ ने मंत्री से पूछा, यह किस तरह की माफी थी? आपको बस अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए थी और माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन आप कहते हैं कि अगर आपने यह और वह कहा है... तो मैं माफी मांगता हूं। माफी मांगने का यह तरीका नहीं है। आपने जिस तरह की भद्दी टिप्पणी की है, आपको शर्म आनी चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा, आप एक सार्वजनिक चेहरा हैं। एक अनुभवी नेता हैं। आपको बोलने से पहले अपने शब्दों को तोलना चाहिए। हमें आपके वीडियो यहां चलाने चाहिए। यह सेना के लिए एक अहम मुद्दा है। हमें इस मामले में बेहद जिम्मेदार होना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में एक एसआईटी भी गठित की है। इसमें तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों को रखा गया है। इनमें एक महिला अधिकारी भी होंगी। यह तीनों ही अफसर मध्य प्रदेश के बाहर के होंगे और कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ दिए गए मंत्री के बयान को लेकर जांच करेंगे।



### टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इस टिप्पणी के कारण पूरा देश शर्मसार है। हमने आपके वीडियो देखे। आप बहुत गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले थे, लेकिन शायद आपकी समझ काम आई या आपके दिमाग ने आपको रोका या फिर हो सकता है कि आपको उचित शब्द न मिले हों। आपको शर्म आनी चाहिए। पूरे देश को हमारी सेना पर गर्व है और आपने यह बयान दिया।

## विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भाजपा सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए। खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम् भूमिका हो जाती है जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है।

## पाकिस्तान के साथ संघर्ष विराम खुला है और इसकी कोई समाप्ति तिथि नहीं: भारतीय सेना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय सेना ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम कल समाप्त होने का दावा करने वाली रिपोर्टों को खारिज कर दिया है। भारतीय सेना के अनुसार, 18 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं थी। 12 मई को डीजीएमओ के बीच बातचीत में तय किए गए संघर्ष विराम को जारी रखने की कोई समाप्ति तिथि नहीं है। बताना चाहेंगे भारत और पाकिस्तान के बीच पिछली सैन्य संचालन महानिदेशक स्तर की वार्ता 12 मई को हुई थी। वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों द्वारा एक भी गोली नहीं चलाने या एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करने की प्रतिबद्धता को जारी रखने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।



## सरगुजा में डूबने से हुई दो भाईयों की मौत,

# आरोप- बच्चों के पोस्टमार्टम के लिए मांगे 10-10 हजार, अफसर बोले- जांच होगी

**विजय मत, ब्यूरो सरगुजा**

सरगुजा के सिलसिला में दो बच्चों की रविवार दोपहर डबरी में डूबने से मौत हो गई। सोमवार को परिजन बच्चों का पोस्टमॉर्टम कराने रघुनाथपुर हॉस्पिटल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि पोस्टमॉर्टम के लिए उनसे 10-10 हजार रुपए मांगे गए। उन्हें शव वाहन नहीं मिला तो बच्चों के शवों को हॉस्पिटल से बाइक से लेकर गांव तक गए। मौके पर जांच में पहुंचे बीएमओ ने परिजनों के आरोपों से इनकार किया है।

जानकारी के मुताबिक, रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला में रविवार दोपहर दो बच्चे सूरज गिरी पिता विनोद गिरी (5 वर्ष) और जुगनू गिरी पिता शिवा गिरी वर्ष (5 वर्ष) घर से कुछ दूरी पर ट्यूबवेल के पास खेल रहे थे। दोनों बच्चे खेलते हुए ट्यूबवेल के सोखता गड्ढे में गिर गए और डूब गए। करीब दो घंटे बाद परिजन उन्हें खोजते हुए मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों बच्चों की मौत हो गई थी। दोनों बच्चों को बाइक से लेकर परिजन रघुनाथपुर हॉस्पिटल पहुंचे। हॉस्पिटल में दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस ने मर्ग कायम किया। बच्चों के परिजनों ने शवों का पोस्टमॉर्टम करने से मना कर दिया और बाइक से ही शव लेकर वापस घर चले गए। पंचायत के सरपंच और पटवारी ने परिजनों को समझाइश दी तो दोनों बच्चों के परिजन शवों को बाइक से लेकर हॉस्पिटल पहुंचे थे।




### बीएमओ बोले- डॉक्टर ने नहीं मांग पैसे

मौके पर पहुंचे बीएमओ डॉ. राघवेंद्र चौबे ने बताया कि उन्होंने परिजनों से बात की तो किसी ने भी डॉक्टर द्वारा पैसे मांगने की जानकारी नहीं दी। परिजनों ने बताया कि किसी बिचौलिए के माध्यम से यह बात आई थी। बिचौलिए ने डॉक्टर से कहा था कि बच्चों का चीर-फाड़ न करें और रिपोर्ट दे दें। इसके लिए वे पांच हजार, 10 हजार जो खर्च लगेगा, देने को तैयार हैं।

### सीएमएचओ बोले- टीम बनाकर कराएंगे जांच

सरगुजा सीएमएचओ डॉ. पीएस मार्को ने कहा कि बीएमओ ने मौके पर जाकर पूछताछ की है। डॉक्टर ने पैसे नहीं मांगे, बल्कि उनके द्वारा कहा गया कि बिना चीर-फाड़ के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट दे दीजिए। हम कुछ पैसे आपको दे देंगे। वे पहले पीएम नहीं कराना चाहते थे। जब उन्हें पता चला कि पानी में डूबने से कुछ मुआवजा दिया जाता है तो वे पोस्टमॉर्टम कराने आए थे। सीएमएचओ ने कहा कि आरोप लगे हैं तो टीम गठित कर इसकी जांच कराई जाएगी। शव वाहन के लिए भी परिजनों ने ही मना किया था।



### परिजनों का ये है आरोप

*डॉक्टर द्वारा 10-10 हजार मांगने का आरोप मृत बच्चों के परिजनों ने आरोप लगाया कि रघुनाथपुर हॉस्पिटल में पदस्थ चिकित्सक डॉ अमन जायसवाल ने दोनों बच्चों के पोस्टमॉर्टम के लिए यह कहते हुए 10-10 हजार मांगे कि कल पोस्टमॉर्टम कराते तो पैसे नहीं लगते। इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज को भी दी। विधायक की सूचना पर जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंच गए।*

### विधायक को करना पड़ा हस्तक्षेप

विधायक की सूचना पर लुण्ड्रा बीएमओ डा. राघवेंद्र चौबे भी मौके पर पहुंचे और दोनों बच्चों को पोस्टमॉर्टम कराया गया। बच्चों के शवों को घर ले जाने के लिए वाहन नहीं मिला तो परिजन फिर से बाइक में दोनों बच्चों के शवों को लेकर वापस घर पहुंचे और उनका अंतिम संस्कार किया।

**विजय मत एंकर** भरतीय थिंक टैंक का खुलासा, दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका

# भारतीय कार्रवाई से बचने चीन ने पाकिस्तान को दी थी सैटेलाइट मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था, लेकिन अब खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके।



**दो मोर्चों पर लड़ाई की बढ़ी आशंका...** कुमार ने कहा कि भारत को पहले भी दो मोर्चों पर लड़ाई की आशंका थी, लेकिन अब जिस तरह से चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है, उससे यह आशंका और बढ़ गई है और भारत भी अब इस दिशा में योजना बना रहा है। कुमार ने कहा कि जब तक हालात बेहद संवेदनशील न हो। तब तक चीन के पाकिस्तान की मदद करने की आशंका कम ही है, लेकिन अगर भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान जरूर चीन के समर्थन में उतर सकता है।

### चीन के एयर डिफेंस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इस मुद्दे पर अभी तक चीन, भारत या पाकिस्तान की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार सोमवार को चीन दौरे पर भी गए हैं। थिंक टैंक से जुड़े कुमार ने बताया कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण करने की कोशिश की, लेकिन चीन के एयर डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। वहीं भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने उल्लेखनीय काम किया और पाकिस्तान के लगभग हर हवाई हमले को असफल कर दिया।

### नूंह से एक और पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार, फोन में मिले गद्दारी के सबूत; चैटिंग से बड़ा खुलासा

हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तानी जासूसी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तावडू उपमंडल के गांव कांगरका से तारीफ पुत्र हनीफ को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की जासूसी के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद हुई है। तारीफ पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को उपलब्ध करा रहा था। मामले में नूह पुलिस ने भारतीय दंड संहिता, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट, 1923 और देशद्रोह की धाराओं के तहत आरोपी मोहम्मद तारीफ निवासी कांगरका थाना सदर तावडू पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात पाकिस्तानी नागरिक आसिफ बलोच और जाफर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। हरियाणा पुलिस सूत्रों के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि तारीफ निवासी लंबे समय से भारतीय सेना और डिफेंस तैयारियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दुश्मन देश पाकिस्तान में भेज रहा है।

कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

## न्यूज इन शॉर्ट

### सांसद ने देखा तालाब गहरीकरण का कार्य

छुरिया। नगर पंचायत सीमा क्षेत्र अंतर्गत नये बस स्टैण्ड स्थित नये तालाब में नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल एवं नगर के पार्षदों के पहल पर तालाब गहरीकरण का कार्य निःशुल्क कराया जा रहा है । जहां जरूरतमंदों को मुरूम वितरण किया जा रहा है । राजनांदगांव जिले के सांसद छुरिया प्रवास पर थे । उन्होंने छुरिया पहुंचकर तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया । इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, गीता घांसी साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कान्ता साहू, राजेश्वर धुर्वे, शेखर भरद्वाज, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, राधेश्याम शर्मा, नीरज यादव, सोनू कसेर, उपस्थित थे । सांसद संतोष पाण्डेय ने नगर पंचायत अध्यक्ष के कार्यों की जमकर प्रशंसा की । बीते कई वर्षों से तालाब गहरीकरण का कार्य लंबित था । तालाब गहरीकरण होने से अब नगरवासियों को भीषण गर्मी में निस्तारी की समस्याओं से निजात मिल सकेगा ।

### स्पीड रडार से चलानी कार्रवाई में आई तेजी, 80 लाख का चालान

बिलासपुर। तेज रफ्तार और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर अब इंटरसेप्टर वाहन की नजर है। पुलिस मुख्यालय से जिले को मिले इस आधुनिक वाहन की मदद से हाईवे सहित अन्य सड़कों पर गाड़ियों की स्पीड पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसमें लगे स्पीड रडार और कैमरे से तय सीमा से अधिक गति पकड़ में आते ही चालान बनाकर 1000 रुपये जुमार्ना वसूला जा रहा है। इंटरसेप्टर कहीं भी, कभी भी सड़क पर खड़ा होकर कार्रवाई कर सकता है। इसके जरिए तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाना, अधिक तीव्रता की लाइट, प्रेशर हॉर्न, मोडिफाइड साइलेंसर और काले शीशों वाले वाहनों पर भी सख्त कार्रवाई हो रही है। शराब की जांच के लिए इसमें इनबिल्ट ब्रीथ एनालाइजर है, जिससे पकड़े गए वाहन चालकों के खिलाफ धारा 185 के तहत न्यायालय में प्रकरण भेजा जा रहा है और 10 से 20 हजार रुपये तक जुमार्ना हो रहा है। इसी तरह अवैध लाइट, हॉर्न व काले शीशे पर भी एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई कर 2000 तक का जुमार्ना वसूला जा रहा है। जुलाई 2024 से अब तक 10 हजार से ज्यादा मामलों में कार्रवाई कर 80 लाख रुपये से अधिक का समन शुल्क वसूला गया है। कई मामलों में न्यायालय से भी बड़ी रकम का जुमार्ना लगाया गया है।

### चाकू से प्राणघातक हमला

महासमुंद। कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों के बीच विवाद में एक युवक ने दूसरे पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109(1) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है ।गुरु घासीदास वार्ड 21 निवासी गंगाधर देवार ने थाने में शिकायत की है कि 17 मई की शाम उनके बडे पुत्र हरीश देवार ने फोन कर बताया कि गुरूघासीदास वार्ड काली मंदिर के पास भाई उमीद कुमार देवार पर हरिश स्वीपर ने चाकू से प्राण घातक हमला कर दिया है। सूचना के बाद जब मैं पहुंचा तो मेरे छोटे बेटे उमीद कुमार ने बताया कि हरिश स्वीपर मोहल्ले के लड़कों से विवाद कर रहा था जिसे मैं बीच बचाव करने आया तो वह मुझे देखकर पुरानी विवाद की बातो को लेकर अश्लील गाली–गलौज कर पीटने लगा हरिश ने चाकू से हत्या करने की नीयत से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया।

### 1 जून को राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा

महासमुंद। अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की स्कीम ऑफ रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट्स इन हाईस्कूल इन टागेर्टेड एरिया लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी।

# रूद्री में बनेगा सुसज्जित मुक्तिधाम, हाईस्कूल में रंगमंच को भी मिली मंजूरी

## रूद्री समाधान शिविर : प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

विजय मत,ब्यूरो, धमतरी।



सुशासन तिहार के तहत आज महानदी के किनारे धमतरी विकासखण्ड के रूद्री गांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी शामिल हुए। शिविर में उपस्थित लोगों को संबांधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अब बात करने वाली नहीं, काम करने वाली विष्णु देव सरकार है। पिछले 18 महीनों में राज्य में हुए विकास कार्यों की बदौलत गांव-गांव, शहर-शहर तेजी से बदल रहे हैं। श्री वर्मा ने कहा कि विकास के कामों के लिए बजट की कोई कमी नहीं होगी। राजस्व मंत्री ने महापौर श्री रामू रोहरा की अनुशंसा पर रूद्री में महानदी घाट के किनारे सुसज्जित मुक्तिधाम बनाने के लिए 10 लाख रुपए और रूद्री के हाईस्कूल में रंगमंच बनाने के लिए 5 लाख रुपए की मंजूरी भी समाधान शिविर में ही दी। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय जो वादे जनता से किए थे, उन सभी वादों को सरकार ने योजनाएं लागू कर पूरा किया है। अब सरकार उनकी हकीकत जानने, समस्यायें, मांग सुनने लोगों के बीच पहुंच रही है। लोगों की समस्याएं सुलझाने सुशासन तिहार सरकार की संवेदनशील पहल है और इसके जरिए अब शिविरों के माध्यम से आप सभी को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है ।प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार ने मोदी की सभी गारंटियों को धरातल पर साकार किया है। प्रदेश के सभी लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। महतारी वंदन योजना से लेकर तेन्दूपत्ता संग्राहकों तक सभी लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार अब खेतीहर मजदूरों को भी 10 हजार रुपए सालाना आर्थिक सहायता देने की योजना शुरू कर रही है। राजस्व प्रकरणों को तेजी से निपटाने के लिए कई सुधार किए जा रहे हैं। राजस्व त्रुटि सुधार के लिए एसडीएम की जगह तहसीलदार को अधिकार दे दिए गए हैं। अब जमीन के रजिस्ट्री के साथ ही स्वतः ही नामांतरण भी हो जाएगा। इससे लोगों को दफ्तरों के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे, साथ ही समय और पैसे की बचत होगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 4 महिलाओं की गोदभराई, 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया और 3 बच्चां को सुपोषण किट का वितरण किया गया।

समाज कल्याण विभाग द्वारा एक हितग्राही को बैसाखी और एक हितग्राही को छड़ी दी गई। उद्यानिकी विभाग द्वारा शिविर स्थल पर 6 हितग्राहियों को बैगन के पौधे वितरित किए गए। शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक स्कूल रूद्री के 7 विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किया गया। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड प्रदाय किया गया तथा 155 लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और औषधि वितरित की गई। परिवहन विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों का लर्निंग लायसेंस भी समाधान शिविर में बनाया गया।

प्रभारी मंत्री ने की कलेक्टर श्री मिश्रा की प्रशंसा-रूद्री के समाधान शिविर में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने मंच से कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा की प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि वे पहले भी श्री मिश्रा के साथ काम कर चुके हैं। सरल, सहज, सभी की बात सुनने वाले और सबका काम करने वाले कलेक्टर मिलने पर मंत्री ने सभी को बधाई दी। राजस्व मंत्री ने कहा कि श्री मिश्रा रिजल्ट देने वाले अधिकारी हैं।

# जिला पंचायत सीईओ ने ली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

विजय मत,ब्यूरो, जशपुरनगर ।



जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न विकास खंडों में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सीईओ ने सुशासन शिविरों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 21 मई को ग्राम दोकड़ा में प्रस्तावित मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संभावित दौरे के संबंध में जनपद सीईओ को समुचित तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।बैठक में पत्थलगांव, मनोरा, बगीचा, फरसाबहार और कांसाबेल विकासखंडों में पीएम जनमन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिओ टैगिंग, रूफकास्ट, स्वीकृति आदि बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ।मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने वर्ष 2021-22 के लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जिन विकासखंडों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के बाद रीसाइक्लिंग प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है, वहाँ शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए ।जिले में मॉडल ग्राम पंचायत बनाने के लिए जनपद सीईओ को कार्ययोजना तैयार करने हेतु कहा गया। एनआरएल अंतर्गत बैंक मेले और मुद्रा लोन वितरण की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने कहा। जिससे हितग्राही आत्मनिर्भर हो सके। वहीं नए स्व-सहायता समूह बनाकर महिलाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर के साथ सशक्त हो सके।

# पूजा ने थाईलैंड में दिखाया छत्तीसगढ़ का जलवा

## प्राइड ऑफ इंडिया इंटरनेशनल में पूजा राठौर रनर्स अप रहीं

विजय मत,ब्यूरो,जांजगीर।




छत्तीसगढ़। बहुमुखी प्रतिभा की पर्याय जांजगीर की पूजा राठौर ने थाईलैंड पटाया के ग्रैंड इम्पीरियर लिविंग में आयोजित प्राइड ऑफ इंडिया इंटरनेशनल में रनर्स अप का खिताब हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम गौरवान्वित किया है। पूनम प्रोडक्शन के बैनर तले पूनम गोकुपूरे के निर्देशन में आयोजित इस कॉम्पीटिशन की मिस मिसेस और किड्स कैटेगरी में भारत के अलावा पटाया के लोगों ने भी भारी संख्या में भागीदारी निभाई।

पूजा राठौर ने प्राइड ऑफ इंडिया की मिसेस कैटेगरी में भारतीय सभ्यता को दशार्ता माता सीता का किरदार एक राउंड में निभाकर छत्तीसगढ़ की संस्कृति को थाईलैंड में पहचान दिलाई। पूजा राठौर किसी प्रतिभा की मोहताज नहीं हैं। पिछले महीने रायपुर में न्यू उड़ान फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित फैशन शो में भी पूजा ने रनर्स अप का खिताब अर्जित कर सबको प्रभावित किया था। थाईलैंड में हुई कॉम्पीटिशन में अतुल, प्रदीप पाली और साक्षी रेवतकर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शो में भारत और थाईलैंड के मॉडल्स ने रनवे पर अपनी अदाओं से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस भव्य आयोजन में मिस, मिसेस और किड्स कैटेगरी में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूजा राठौर ने माता सीता की भूमिका निभाकर भारतीय संस्कृति को थाईलैंड की पृष्ठभूमि तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ के साथ ही जांजगीर चांपा का नाम भी गौरवान्वित किया है।

# कसारिडीह, गुरुघासीदास वार्ड 44 में नाली में डिस्पोजल देखकर सुपर वाइजर पर भड़की-मेयर

विजय मत,ब्यूरो,दुर्ग।



नगर पालिक निगम दुर्ग अंतर्गत वार्ड कसारिडीह गुरुघासीदास वार्ड 44 में महा अभियान नाली साफ-सफाई को लेकर मेयर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा प्रभारी नीलेश अग्रवाल,नरेंद्र बंजारे वार्ड पार्षद मनीष कोठारी,उपअभियंता विनोद मांझी,प्रेरणा दुबे,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पंकज,सुरेश भारती सहित अमला के संग निरीक्षण करने पहुंचे ।उन्होने कसारिडीह से लगी हुई गुरुघासी दास वार्ड बस्तीयो के गलियों व सडकों में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई व्यवस्था को देखे। वार्ड क्रमांक 44 क्षेत्र के कसारिडीह चौक में अगल-बगल कुछ दुकानदारों द्वारा नालियों पर अवैध अतिक्रमण कर रखा गया है, जिसके कारण नाली सफाई नहीं हो पा रहा है। जिसे हटाने के निर्देश अधिकारियो को दिये ।कसारिडीह, गुरुघासीदास वार्ड में नाली में डिस्पोजल देखकर सुपर वाइजर पर भड़की कहा कही भी नालियों में दोबारा ऐसी नॉबत न आए ।मेयर श्रीमती बाघमार ने सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एवं वार्ड प्रभारी इंजीनियरों से कहा कि अवैध रूप से निगम की जमीन पर बिल्डिंग मटेरियल रख कर मकान निर्माण करने वाले। सहित बिल्डिंग मटेरियल व्यापार करने वाले व्यापारियो का गुमस्ता एवं ट्रेड लाईसेंस निरस्त कर चालानी कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार इडब्लू एस कालोनी क्षेत्र में नालियों के उपर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे हटाकर स्थल की साफ-सफाई कराने को कहा है ।उन्होंने अधिकारी को वार्ड में जाकर उसे नोटिस देकर अवैध कब्जा करने वालो पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। मेयर ने वार्ड के नागरिकों से सफाई के संबंध में चर्चा की।

# संयुक्त मॉक ड्रिल में ऑक्सीजन रिसाव की स्थिति में आपात प्रतिक्रिया का सफल प्रदर्शन

विजय मत,ब्यूरो, भिलाई नगर।




भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 (ओपी-2) स्थित तरल ऑक्सीजन टैंक-1 में एक संभावित खतरनाक स्थिति–तरल ऑक्सीजन रिसाव–की परिकल्पना पर आधारित एक व्यापक संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन 19 मई 2025 को किया गया। यह मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) तथा बीएसपी के विभिन्न विभागों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य औद्योगिक दुर्घटनाओं, विशेष रूप से क्रायोजेनिक पदार्थों से जुड़ी आपात स्थितियों में तैयारियों और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का परीक्षण करना था।

19 मई 2025 के प्रातः काल लगभग 10:30 बजे, ह्लप्रिपरेटरी मॉक ड्रिल गतिविधिह्व के अंतर्गत, यांत्रिक समूह के छह कर्मी तरल ऑक्सीजन टैंक-1 के सिलेंडर फिलिंग पंप में एसएस यूनियन से रिसाव की शिकायत पर ब्रेकडाउन अनुरक्षण कार्य में संलग्न थे। अनुरक्षण के दौरान, लोकल वाल्व बंद करने के पश्चात जब एसएस यूनियन को ढीला किया जा रहा था, तो फ्लैंज पैकिंग को क्षति पहुँची, जिससे अचानक और अनियंत्रित रूप से तरल ऑक्सीजन (एलओएक्स) का रिसाव होने लगा। रिसाव की चपेट में आए चार कर्मियों को संभावित कोल्ड बर्न का खतरा उत्पन्न हुआ।

-183 डिग्री सेल्सियस तापमान वाली तरल ऑक्सीजन के रिसाव से गंभीर कोल्ड बर्न तथा उच्च ऑक्सीजन वातावरण में लंबे समय तक रहने पर गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं और अग्नि जोखिम की आशंका रहती है। तरल ऑक्सीजन का रिसाव एक गंभीर दुर्घटना को जन्म दे सकता था ।जैसे ही रिसाव हुआ, यांत्रिक कर्मचारियों ने तत्काल चेतावनी दी और पास में कार्यरत विद्युत कर्मियों ने घटना की सूचना ओपी-2 के शिफ्ट मैनेजर को दी। स्थिति का आकलन कर आपात प्रोटोकॉल सक्रिय किए गए।

# रजिस्ट्री के नये नियमों से फजीर्वाड़े पर लगेगा अंकुश, रिकॉर्ड भी तत्काल अपडेट होगा

विजय मत,ब्यूरो, धमतरी।




राज्य सरकार द्वारा रजिस्ट्री के नये नियमों और सम्पत्तियों के पंजीयन मे शुरू किए गए 10 क्रांतिकारी परिवर्तनों पर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में खुद राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने नयी सुविधाओं और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। राजस्व मंत्री ने कहा कि जमीनां की रजिस्ट्री के लिए नये नियम समय की जरूरत के हिसाब से आमजनों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। रजिस्ट्री के नये नियमों से फजीर्वाड़े में रोक लगेगी। बंधक जमीनें नहीं बिक पाएंगी और कोई भी दूसरा आदमी किसी और की जगह पर खड़े होकर जमीनों की रजिस्ट्री नहीं करा सकेगा।

राजस्व मंत्री ने कहा कि पंजीयन विभाग में नयी सुविधाओं के लिए तकनीक का उपयोग कर लोगों को स्वयं रजिस्ट्री ऑफिस जाकर बायोमेट्रिक्स के द्वारा आधार सत्यापन कराना होगा। उन्होंने बताया कि नयी सुविधाओं में जमीन के रिकॉर्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का भी काम किया जा रहा है। सरकार सुगम एप का संचालन कर आमजनों को जमीनों की खरीदी–बिक्री की आसान सुविधा दे रही है। इसके साथ ही बिक्री वाली भूमि में लगे पेड़ों पर पंजीयन शुल्क को शून्य कर दिया गया है। राजस्व मंत्री ने सभी राजस्व रिकॉर्डों को डिजीटालाईज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती नियम को परिवर्तित करते हुए त्रुटि सुधार का अधिकार अब एसडीएम से छीनकर तहसीलदारां को दे दिया है। राज्य में जमीनों की जियो रिफ्रेसिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। इसके पूरा हो जाने पर सीमा विवाद खत्म होंगे।

श्री वर्मा ने यह भी बताया कि राजस्व पखवाड़ों का आयोजन कर राज्य में राजस्व संबंधी प्रकरणों का तेजी से निपटारा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अब राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण के मामले पर कड़े नियम बनाए जा रहे हैं।

**खास-खबर**

### सांसद ने कहा अब राष्ट्रीय मैच होंगे रिसाली में

# प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर रिसाली में

विजय मत,ब्यूरो,रिसाली।



प्रदेश का पहला रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर का लोकार्पण रिसाली के आत्मानंद गार्डन में रविवार को देर शाम किया गया। इसके निर्माण में 16 लाख 10 हजार राशि खर्च की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्टेट रोल बॉल एसोशिएसन के अध्यक्ष व दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा के आतिथ्य वाले लोकार्पण कार्यक्रम में रोल बॉल स्केटिंग फ्लोर पर 25 से भी अधिक बच्चों ने प्रदेर्शन भी किया ।स्केटिंग फ्लोर के लोकार्पण अवसर पर दुर्ग सांसद और एसोशिएसन के अध्यक्ष विजय बघेल ने कहा कि रिसाली में बने प्रदेश स्तर के पहला स्केटिंग ग्राउण्ड सम्यक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने विधायक की सक्रियता और उनकी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि रिसाली भले ही छोटा है, किन्तु यहां उल्लेखनीय कार्य के लिए चिन्हित है। उन्होंने आत्मानंद गार्डन के निर्माण और संचालित गतिविधिया के लिए निगम के सभापति केशव बंछोर को बधाई दी। सांसद ने कहा कि अब रिसाली में भी राष्ट्रीय स्तर व फेडरेशन के खेल आने वाले वर्षो से कराए जाऐंगे।

### रिसाली बनेगा रोल मॉडल

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने ललित चंद्राकर ने लोकार्पण अवसर पर कहा कि इस ग्राउण्ड से अभ्यास कर बच्चे राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिसाली का नाम रोशन करे। यही उनकी इच्छा है। उन्होंने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। प्राथमिकता के आधार पर कार्य को स्वीकृत कर विकास की कड़ी को जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रिसाली निगम क्षेत्र को प्रदेश में रोल मॉडल बनाकर प्रस्तुत करने की बात कही।

वहीं माहापौर शशि सिन्हा ने अपने उद्बोधन में आत्मानंद गार्डन में बने स्केटिंग फ्लोर के लिए सांसद और विधायक को धन्यवाद ज्ञापित की। महापौर ने सांसद के प्रयास से मिली सौगात को गौरव पूर्ण सौगात होना बताया। लोकार्पण समारोह में स्वागत भाषण सभापति केशव बंछोर व आभार प्रदर्शन आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, माया यादव, शीला नारखेड़े, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे।

### विद्युतीकरण का लोकार्पण

दुर्ग ग्रामीण विधायक ने 18.98 लाख के वार्ड क्र. 23 प्रगतिनगर रिसाली बी.एस.एन.एल. से आशीर्वाद भवन मोड़ तक और वार्ड क्र. 05 एच.एस.सी.एल. कालोनी सियाराम शॉप से ब्लाक ए तक लागत 5.44 लाख से विद्युतीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

## न्यूज इन शॉर्ट



### अवैध शराब बेचने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

रायपुर । गुढियारी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, जहां मुखबिर की सूचना पर शराब की तस्करी कर रही एक महिला को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।आरोपी महिला अपने एक्टिवा वाहन में अवैध रूप से शराब लेकर बिक्री हेतु जा रही थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि सोनिया नामक महिला एक्टिवा वाहन क्रमांक 0496 में शराब की तस्करी कर रही है।

सूचना की पुष्टि होते ही गुढियारी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और संदेहास्पद महिला को एक बैग के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम मयुरी धनगर उर्फ सोनिया, पिता ओमप्रकाश धनगर, उम्र 29 वर्ष, निवासी बजरंग नगर, गोगांव थाना गुढियारी, रायपुर बताया।पुलिस ने जब महिला के लाल-काले रंग के बैग की तलाशी ली तो उसमें 88 पौवा देशी मसाला मदिरा बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग ?8,800 आंकी गई है।इसके साथ ही एक एक्टिवा वाहन जिसकी कीमत लगभग 70,000 है, को भी जप्त किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई के आधार पर थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 265/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर महिला को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। गुढियारी पुलिस की यह कार्रवाई अवैध शराब व्यापार के खिलाफ सख्ती का परिचायक है और स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

### अमन डॉन गैंग का रायपुर में आतंक, बोरियाकला के पास किया गुंडागर्दी

रायपुर। राजधानी में पुलिस से बेखोफ बदमाशों ने कल रात एक घर में पथराव कर मालिक ये साथ मारपीट की। मिली जानकारी के अनुसार रिद्धी सिद्धी लोटस सोसायटी में यह घटना हुई। जहां कुछ बदमाशों ने सोसायटी में रहने वाले एक व्यक्ति से नशे के लिए पैसे मांगे। नहीं देने पर बदमाश उस पर पिल पड़े और उसके साथ मारपीट की ।और फरार हो गए। इस मारपीट के वायरल वीडियो को देख कर गुंडागर्दी को समझा जी सकता है। रिद्धिसिद्धि लोटस पार्क सोसाइटी बोरियाकला इलाके में है। सॉफ्टवेयर कंपनी में कार्यरत पंकज कुमार सिंह के साथ मारपीट कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया। नशे के लिए के पैसे नहीं देने से आक्रोशित बदमाशों ने युवक की बेदम पिटाई की। यह गुंडई अमन डॉन गैंग के नाम से संचालित गैंग के गुर्गों ने की ।सभी आरोपी फरार हैं। मुजगहन थाना पुलिस की ओर से अब तक किसी की भी गिरफ्तारी की खबर नहीं हैं।

### लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई-अक्टूबर के लिए लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

रायपुर। संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदत्त अनुमति के अनुसार प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर द्वारा आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई-अक्टूबर 2025 के लिए आवेदन पत्र 31 मई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरा कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के निर्धारित प्रपत्र में प्रेषित आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर को 31 मई 2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। इस संबंध में शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य द्वारा स्पष्ट किया गया है कि लिपिकीय वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है, जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर है। इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ नोटराइज्ड शपथ-पत्र संलग्न होना अनिवार्य है। विज्ञप्ति के साथ संलग्न (छायाप्रति स्वीकार्य) मानक आवेदन पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन जिस सत्र के प्रशिक्षण हेतु किया गया है।

मुख्यमंत्री ने योजनाओं की जमीनी हकीकत परखा: अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी

# चुकतीपानी में मुख्यमंत्री का अचानक दौरा, बैगा समुदाय ने जताया आत्मीय स्वागत



विजय मत,रायपुर।

सुशासन तिहार के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज बिना पूर्व सूचना के हेलीकॉप्टर से गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के बैगा बाहुल्य ग्राम चुकतीपानी पहुंचे। ग्रामीण अपने बीच मुख्यमंत्री श्री साय को यूं अचानक पाकर आश्चर्यचकित हो गए, लेकिन कुछ ही क्षणों में यह हैरानी स्वागत में बदल गई। ग्रामीणों ने गुलमोहर की माला, तेंदू फल की टोकरी और स्थानीय फूल-पत्तियों से बना गुलदस्ता भेंट कर मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय अभिनंदन किया। गांव के मिडिल स्कूल परिसर में महुआ पेड़ के नीचे लगी चौपाल में मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से करते हुए कहा कि सरकार कैसे काम कर रही है, यह जानने मैं स्वयं आपके घर आया हूं। जो भी परेशानी है, निःसंकोच बताइए। चौपाल के दौरान जब मुख्यमंत्री की नजर ओवरफ्लो हो रही पानी टंकी पर पड़ी, तो उन्होंने पानी की बबार्दी पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने ग्रामीणों की शिकायत पर पीएचई विभाग के सब इंजीनियर को फटकारते हुए कहा कि या तो काम करो, या सस्पेंड होने के लिए तैयार रहो। जनसंवाद के दौरान महिलाओं ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि से स्व-सहायता समूह बनाकर जैविक खेती कर रही हैं और स्थानीय मंडियों में सब्जियाँ बेचकर आय अर्जित कर रही हैं। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट से उगाई गई लाल भाजी भी मुख्यमंत्री को भेंट की।

महुआ पेड़ की छांव में सुशासन की चौपाल

मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों की मांग पर मिडिल स्कूल भवन के मरम्मत की घोषणा की, साथ ही स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। उल्लेखनीय है कि गांव के लिए 179 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए हैं,

ताकि हर जरूरतमंद को छत मिल सके। चुकतीपानी में मुख्यमंत्री का यह अप्रत्याशित दौरा न सिर्फ जनता से सीधा संवाद था, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी था कि सरकार सिर्फ फाइलों में नहीं, गांव की मिट्टी में उतरकर सुशासन को परखती है। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बोरियाकला में बदमाशों ने खुलेआम पीटा युवक को, बताया रायपुर का डान

रायपुर। बोरियाकला इलाके में कुछ बदमाशों को खुलेआम रंगदारी मांगने और विरोध पर मारपीट करने की छूट मिल गई है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि ये असामाजिक तत्व मारपीट का वीडियो बनाकर खुद को रायपुर का डान बताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, मुजगहन थाना क्षेत्र के बोरिया कला इलाके में पंकज सिंह नामक युवक से अमन बंजारे और उसके साथियों ने रंगदारी की मांग की। जब पंकज ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसे घर से उठाकर बेरहमी से पीटा। इस घटना का वीडियो बनाकर आरोपी अमन ने सोशल मीडिया पर डाला, जो अब वायरल हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कुछ युवकों ने इलाके में गैंग बना रखा है और लगातार दहशत फैलाकर रंगदारी वसूल रहे हैं।

कुलपति ने समस्याओं के निराकरण का दिया आश्वासन

# कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा




विजय मत,रायपुर।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को संज्ञान में लाने हेतु आज रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल से मुलाकात की। कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख 6 सूत्रीय समस्याओं को कुलपति के समक्ष रखा जिनमें - जी.पी.एफ./एन.पी.एस. का लाभ न मिलना, मेडिकल तथा अन्य वैधानिक भत्तों को रोकना, कैरियर उन्नयन योजना/उच्च वेतनमान का बंद किया जना, सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष के स्थान पर 60 वर्ष किया जाना, सेवानिवृत्ति उपरांत ग्रेच्युटी, पेंशन एवं अन्य सुविधाओं से वंचित किया जाना आदि प्रमुख है। कुलपति डॉ. चंदेल से भेंट के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया जिसके उपरान्त कुलपति डॉ. चंदेल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली) को इस सबंध में पत्र प्रेषित किया गया है। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आश्वासन दिलाया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार से प्राप्त उचित दिशा निदेर्शों के उपरान्त जल्द ही इन समस्याओं का निराकरण विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा। कुलपति जी द्वारा प्राप्त सकारात्मक आश्वासन से कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता जाहिर की और अपनी 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# सुशासन तिहार के पश्चात शुरू होगी प्रशासनिक सर्जरी

जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर अधिकारियों पर गिरेगी गाज

विजय मत,रायपुर।

मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए चलाए जा रहे सुशासन तिहार के समाप्ति के पश्चात प्रशासनिक सर्जरी निचले स्तर पर की जाएगी। मुख्यमंत्री को प्राप्त शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई होगी।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री इस समय विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए गांव गांव का दौरा कर रहे हैं।इन्हें शासन की कल्याणकारी योजनाओं की ग्राउंड लेबल की जानकारी ले रहे हैं। इस समय सबसे ज्यादा शिकायतें प्रधानमंत्री आवास को लेकर आ रही है जिसमें अधिकारी द्वारा रिश्वतमांगी जा रही है। मुख्यमंत्री द्वारा इस संबंध में सीधी कार्रवाई की जा रही हे। प्रधानमंत्री सड़क योजनाओं तथा मुख्यमंत्री बंधन योजना एवं अन्य कल्याणरी योजनाओं को लेकर समाज कल्याण विभाग एवं महिला बाल विभस एवं विकास की भूमि काफी संदिग्ध रही है। इसलिए मुख्यमंत्री को इस संबंध में अनेक शिकातें मिली हे। मुख्यमंत्री के साथ इस समय इनके समय पी. दयानंद, एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन साथ में जा रहे है। इस समय योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को शक्ति पूरक निर्देश दे रहे हैं।

राज्य के अधिसूचित क्षेत्र कहे जाने वाले आदिवासी जिला कवर्धा, जशपुर तथा बस्तर के अनेक जिलों का दौरा करने के बाद तेंदूपत्ता की तोड़ाई में हो रही अमितताओं की जानकारी मिल रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष इस समय पेयजल संकट का ममला सामने आया है। केंद्र परिवर्तित योजनाओं के तहत प्रधानमंत्री सड़क योजना मनरेगा एवं अंशदायी पेंशन योजना के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली जा रही है।सुशासन तिहार के पश्चात जिन अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई है उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। सुशासन तिहार 31 मई को समाप्त होगा। इसके पश्चात ही यह सूची जारी होगी।

# सांसद बृजमोहन के न आने से जोन क्रमांक का समाधान शिविर स्थगित हुआ

26 मई को अशवनी नगर में तेलीसमाज भवन में होगा शिविर

विजय मत,रायपुर।

नगर निगम प्रशासन द्वारा आज भी जोन क्रमांक पांच के लिए समाधान शिविर आज स्थगित कर दिया गया है। अब यह कार्यक्रम 26 मई को श्रीनगर सिंधी समाज के भवन में आयोजित किया जाएगा पार्षदों ने बताया कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल के न आने के कारण यह कार्यक्रम स्थगित हो गया है। जोन क्रमांक पांच के कमिश्नर झीरसागर नायक ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से आज होने वाला समाधान स्थत कर दिया गया है ।जोन क्रमांक पांच के अंतर्गत वामनराव वार्ड लाखेनगर भक्त माता कर्मा नगर डॉ. खुबचंद्र बघेल माधव राव सप्रे वार्ड ठाकुर प्यारेलाल वार्ड एवं डीडी नगर वार्ड आता है। खुबचंद्र बघेल वार्ड के पार्षद श्रीमती दुर्गा साहू ने बताया कि इस वार्ड में पेयजल की गंभीर समस्या है। वहीं भक्तकर्मा वार्ड ममता सोनू तिवारी ने भी वार्ड में पेयजल समस्या का मामला समाधान शिविर में उठायेंगे। वामनराव लाखे वार्ड के पार्षद कृष्णा सोनकर के अनुसार वार्ड में पेयजल की समस्या गंभीर है। यहां पर शीघ्र ही पेयजल समस्या हल करने की मांग की गई है। हितग्राहियों ने तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डेढ़ महीने की मांग की। इस समाधान शिविर में महापौर के अलावा अन्य लोग शामिल हुए।ठाकुर प्यारेलाल वार्ड के पार्षद सुमन पांडेय ने बताया कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल के न आने के कारण आज समाधान शिविर स्थगित कर दिया गया है यह कार्यक्र डीडी नगर में आयोजित कर दिया गया था। जोन क्रमांक 6 के तहत 20 मई को शहीद संजय यादव उच्चतर माध्य. शाला संजय नगर जोन 7 के तहत पं. दिनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम जी मॉल जोन 8 का 27 मई को सामुदायिक भवन भारतमाता के सामने समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# प्री.बी.एड-प्री.डी.एल.एड प्रवेश परीक्षा को लेकर हुई बैठक, नगर निगम आयुक्त ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

परीक्षा केंद्र में पेयजल-बिजली की उपयुक्त व्यवस्था करें: आयुक्त विश्वदीप

विजय मत,रायपुर।



नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने आज कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में बीएड-डीएड की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित करने अधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि परीक्षा दिवस से पूर्व परीक्षा कक्षों में रोशनी, पंखे, फर्नीचर, पेय जल व शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें और साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। परीक्षा केंद्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की उचित व्यवस्था करें। परीक्षों केंद्रों में उपयुक्त व्यवस्था करें और सभी अभ्यर्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्री.बी.एड (इ.एर्-25) और प्री.डी.एल.एड (ऋ्छएऊ25) प्रवेश परीक्षा 22 मई को 2 पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक संचालित की जायेगी। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए अपर कलेक्टर नवीन कुमार ठाकुर को को-आर्डिनेटिंग सुपरवाइजर, डिप्टी कलेक्टर उत्तम प्रसाद रजक और रोजगार अधिकारी केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

यातायात के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा 25 नये ट्राफिक वार्डन सहित 200 लोग उपस्थित थे

# 25 ट्राफिक वार्डन रायपुर शहर की सड़कों पर किए जाएंगे तैनात




विजय मत,रायपुर।

आईजी अमेरश मिश्रा द्वारा गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर, लाल उमेद सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर, विश्वदीपक आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर, विश्वरंजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर, प्रशांत शुक्ला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर एवं गुरजीत सिंह, सतीष ठाकुर उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर की उपस्थिति में 25 ट्राफिक वार्डन को रायपुर शहर के जाम लगने वाले स्थानों/चौक-चौराहों पर कार्य पर लगाने हेतु नियुक्त किया गया। ट्राफिक वार्डन एक नई पहल कार्यक्रम में नगर निगम के टीम प्रहरी के पुरूष एवं महिला स्टाफ, यातायात के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा 25 नये ट्राफिक वार्डन सहित 200 लोग उपस्थित थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रायपुर शहर में लगातार वाहनों के बढ़ने से सभी चौक चौराहों में यातायात का दबाव बढ़ रहा है। बाजार क्षेत्रों में सड़क किनारें वाहनों की पार्किंग से अव्यवस्था उत्पन्न हो रही है। नगर निगम के टीम प्रहरी पुलिस के साथ संयुक्त रूप से सड़कों को आवागमन के लिए उपलब्ध कराने अतिक्रमण पर कार्यवाही प्रभावी तरीके से कर रही है। यातायात बल में कमीं होने से सभी जंक्शन स्थानों पर ड्यूटी नही लग पा रही है जिसकी पूर्ति होती पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के निर्देशन में जिला प्रशासन, नगर निगम, जिला पंचायत एवं रायपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से 25 ट्राफिक वार्डन नियुक्ति किया गया है। नियुक्त हुए ट्राफिक वार्डनों को कलेक्टर दर पर देय निर्धारित मानदेय प्रदाय किया जाएगा। शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में प्रशासन चिंतित है। जो संसाधन की आवश्यकता होगी वह भी उपलब्ध कराया जाएगा। अमरेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत देश में गुजरात में सबसे पहले ट्राफिक वार्डन को पुलिस का हिस्सा बनाकर पुलिस के कार्यो में शामिल किया गया । छत्तीसगढ़ राज्य में जिला रायपुर में यह शुरूआत की जा रही है आपके कार्यो के रिपोर्ट के आधार पर अन्य जिलों में भी आवश्यकतानुसार ट्राफिक वार्डन योजना को शुरू किये जाने की पहल की जा सकती है।

#### पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

सभी को चौक चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने संबंधी प्रशिक्षण उपरांत फिल्ड पर जाम लगने वाले स्थानों पर कार्य पर लगाया जाएगा। गौरव सिंह कलेक्टर रायपुर एवं विश्वदीप आयुक्त नगर पालिक निगम ने अपने संबोधन में कहा कि आपकी नियुक्ति अस्थायी रूप से की जा रही है। 01 माह उपरांत आपके कार्यो के परफार्मेंस की समीक्षा की जाएगी। जिस तरह अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में टीम प्रहरी के कार्यों की प्रशंसा जनता करती है इसी तरह भी आपकी उपस्थिति एवं कार्यो से व्यवस्था में बदलाव दिखे, जाम से लोगों को निजात मिलें और जनता आपके कार्यो की प्रशंसा करे ऐसा उद्देश्य लेकर आपको कार्य करना है। कार्य के दौरान लोगों के साथ अपना विनम्र व्यवहार रखना है, किसी से वाद-विवाद की स्थिति निर्मित न करते हुए ईमानदारी से आपको कार्य करना है, आपके कार्यो से जिला प्रशासन की छबि जुड़ी हुई है।

# होटल आदित्य गैस्ट हाउस और गगन ग्रैण्ड में 2 महिला समेत 6 आरोपी गिरफ्तार




विजय मत,रायपुर।

गंज थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल आदित्य गैस्ट हाउस एवं होटल गगन ग्रैण्ड में संचालित हो रहे अनैतिक देह व्यापार का पुलिस का भंडाफोड़ करते हुए 2 महिला समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों होटलों से होटल के मैनेजर, स्टाफ और कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को मौके से पकड़ा गया, जबकि होटल संचालक और पार्टनर फरार होने में कामयाब हो गए जिनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। बताए जा रहे हैं।

17 मई को मुखबिर से सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट तथा गंज थाना की संयुक्त टीम ने प्वाइंटर भेजकर सौदे की पुष्टि की। प्वाइंटर द्वारा इशारा दिए जाने के बाद पुलिस टीम ने होटल आदित्य गैस्ट हाउस और होटल गगन ग्रैण्ड पर एक साथ दबिश दी। यहां से पुलिस ने सुब्रत सेठी झ होटल गगन ग्रैण्ड का मैनेजर, रेवती साहू झ होटल आदित्य गैस्ट हाउस की मैनेजर, नीलाबर बाग झ होटल स्टाफ, नीशामणी बेहरा झ आरोपी महिला, मनोज कुमार वैष्णव झ संदिग्ध स्थिति में मिला, तेजेश्वर कुमार डडसेना झ संदिग्ध स्थिति में मिलने पर गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 04 मोबाइल फोन और नगदी राशि जप्त की है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना गंज में अपराध क्रमांक 129/25 के तहत धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 (संशोधित) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल होटल के संचालक कुणाल बाग और भागीदार सुमित फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस जुट गई है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# हिंदी से वैज्ञानिकों का लगाव जरूरी

आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। हमारे जीवन की छोटी-बड़ी हर घटना का संबंध विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ा हुआ है। आज हम चाहकर भी मोबाइल, इंटरनेट, टीवी, स्कूटर, कार, बस और ट्रेन से अपने को दूर नहीं रख सकते। अब आप बताइए ये सभी साधन विज्ञान और प्रौद्योगिकी की देन हैं या नहीं? आपका जवाब हां में होगा! सभ्यता के आरंभिक चरण, कृषि और औद्योगिक क्रांति के बाद वर्तमान में हम प्रौद्योगिकी तथा सूचना क्रांति के युग में जी रहे हैं। लोगों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के संबंध में जानकारी देना आज एक अहम आवश्यकता बन गई है। भारतीय सम्विधान के अंतर्गत भी इसे एक मूलभूत कर्तव्य का दर्जा प्राप्त है। विज्ञान साहित्य और इसके लेखन को लोकप्रिय विज्ञान या लोकविज्ञान साहित्य कहते हैं। इसका महत्व किसी भी भाषा के साहित्य से कम नहीं होता। क्योंकि एक विज्ञान लेखक के पास साहित्य और लेखन कौशल के साथ विज्ञान की प्रमाणिक जानकारी भी होती है। वास्तव में विज्ञान लेखन साहित्य का अभिन्न हिस्सा है और इस विज्ञान साहित्य का सृजन वैज्ञानिक जानकारी और साहित्यिक तत्वों के संयोग या सम्मिलन से होता है। विज्ञान रिपोर्ट, विज्ञान लेख, विज्ञान समाचार, विज्ञान कथा, विज्ञान नाटक, विज्ञान रूपक, विज्ञान उपन्यास विज्ञान लेखन की विभिन्न धाराएं होती हैं।हिंदी विज्ञान में एक नई क्रांति मुंबई के वैज्ञानिकों ने 1968 में हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद की नींव रखी और 2साल बाद वैज्ञानिक पत्रिका का सतत प्रकाशन हुआ जो आज भी ऑनलाइन माध्यम से चल रही है अतः राष्ट्रीय अस्तर पर हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ही एक मात्र ऐसी संस्था बची है जो इन उद्देश्यों को पूर्ण कर सकती है नई कार्यकारिणी का गठन हेतु 18 मई 25 को अनुशक्तिनगर में विशेष आम सभा बुलाई गई है।

## नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# अमेरिका के दबदबे वाला अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष पाक पर मेहरबान क्यों?

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

वैश्विक स्तरपर भारत सहित पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पाक़ तनातनी या युद्ध विराम,फ़िर सीमा पर जारी गोलीबारी, तथा नेताओं की बयानबाजी पर लगी हुई है। इधर भारतीय रक्षामंत्री ने 15 मई को कश्मीर सैनिकों के साथ फिर 16 मई 2025 को गुजरात भुज में एयर फोर्स स्टेशन पर इन दोनों दौरों में आईएमएफ द्वारा पाक के लिए ऋण सेंशन करने की टाइमिंग पर सवाल उठाए व कहा कि क्या आईएमएफ द्वारा पाक़ को आतंकवाद को वित्त पोषित करने में मदद की जा रही है, उन्होंने मदद पर पुनर्विचार करने की अपील आईएमएफ से की तथा आतंकवाद के हर रूप स्वरूप को समाप्त करने की भी बात कही, तथा कहा कि आईएमएफ द्वारा प्राप्त वित्त से ध्वस्त किए गए आतंकवादियों के इंफ्रास्ट्रक्चर फिर से खड़े करने की संभावना है, आगे कहा कि हमारी लड़ाई सिर्फ एक टेलर थी, जरूरत पड़ी तो आगे पूरी तस्वीर दिखाएंगे। तो उधर इस बात का पाक के विदेश मंत्रालय ने तुरंत जवाब दिया, मंत्रालय के बयान में कहा गया, ये गैरजिम्मेदाराना टिप्पणियां पारंपरिक तरीकों से भारतीय आक्रमण के खिलाफ पाकिस्तान की प्रभावी रक्षा और प्रतिरोध के बारे में उनकी गहरी असुरक्षा और हताशा को दर्शाती हैं। पाकिस्तान की पारंपरिक क्षमताएं भारत को रोकने के लिए काफी हैं, बिना किसी सेल्फ इंपोज्ड न्यूक्लियर ब्लैकमेल के, जिससे नई दिल्ली पीड़ितहै और कहा कि युद्ध ग्राम 18 मई 2025 तक है। यानें हम देख सकते हैं कि आईएमएफ का ऋण पाक को 14 मई 2025 को मिल चुका है, तो उसक़े तेवर ही बदल गए हैं यानें अपने कर्ज को चुकाने व आतंकवाद को फिर से पोषित करने की ताकत वित्त के रूप में फिर उन्हें मिली है चूँकि आईएमएफ ऋण मिलते ही पाक़ के सुर बदले और कहा बगैर न्यूक्लियर बम के ही भारत को रोकने में सक्षम है तथा युद्ध विराम 18 मई तक है तथा अमेरिकी दबदबे वाला आईएमएफ पाक पर इतना मेहरबान क्यों? क्या अमेरिका चीन साथ-साथ, वित्त पोषण से फिर सिर उठाएगा आतंकवाद, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत का आईएमएफ को दो टूक संदेश,पाक़ को फंड देने पर पुनर्विचार करें, क्योंकि है आतंकवाद को वित्त पोषण करने की संभावना का सही अनुमान है।



साथियों बात अगर हम दिनांक 15 व16 मई 2025 को माननीय रक्षामंत्री द्वारा आईएमएफ को ऋण पर पुनर्विचार की अपील की करें तो उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) से पाक को मिलने वाली मदद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पाक इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है। उन्होंने यह बात गुजरात के भुज एयर फोर्स स्टेशन से कही। उन्होंने दुनियाँ से पाक को आर्थिक मदद रोकने की अपील की है। आईएमफ ने हाल ही में पाकिस्तान को सहायता के तौर पर 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दूसरी किश्त दी है।रक्षा मंत्री ने कहा कि पाक को आईएमफ से जो पैसामिलेगा उसका बड़ा हिस्सा वह अपने देश में आतंकवाद के ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। उन्होंने भारत की तरफ से आईएमफ से यह अपील की है कि वह पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने पर फिर से विचार करे। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान को आईएमफ से जो पैसा मिलेगा, उसका बड़ा हिस्सा वो अपने देश में आतंकवाद फैलाने वाले ढांचे को मजबूत करने में लगाएगा। मेरा मानना कि पाकिस्तान इस पैसे का गलत इस्तेमाल करेगा। पाकिस्तान आईएमफ के बेलआउट पैकेज पर बहुत ही ज्यादा निर्भर है। इस पैकेज से उसे अपने घटते विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मदद मिली है। पिछले साल पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर था, तब आईएमफ ने उसे 3 बिलियन डॉलर की मदद देकर बचाया था। आईएमफ की वेबसाइट के अनुसार,पाक़ को सदस्य बनने के बादसे अब तक कम सेकम 25 बेलआउट लोन मिल चुके हैं। इस साल अप्रैल के अंत में पाक का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 10.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अगस्त 2024 में यह 9.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। अनुमान है कि जून 2025 के अंत तक यह 13.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच पाएगा।आईएमफ ने पाक से कहा है कि वह अपनी जीडीपी का 1.6 प्रतिशत प्राथमिक बजट अधिशेष मानकर बजट बनाए। इसके लिए उसे गैर-ब्याज खर्चों के अलावा लगभग 2 ट्रिलियन रुपये जुटाने होंगे। इसका मतलब है कि पाकिस्तान को अपनी आमदनी बढ़ानी होगी और खर्च कम करने होंगे। अभी पाकिस्तान की स्थिति ये है कि कर्ज चुकाने के लिए उसे कर्ज लेना पड़ रहा है।आईएमफ की सहायता पाकिस्तान के लिए अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद को बढ़ावा देती है,पाक अपनी जमीन पर आतंकवादी समूहों को शरण देता है और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करता है। ऐसे में आईएमफ द्वारा दी गई सहायता को आतंकवादियों को मदद देने जैसा माना जाता है। उनका यह बयान पाकिस्तान के खिलाफ भारत के बढ़ते गुस्से और चिंताओं को दर्शाता है, जो लंबे समय से पाक के आतंकी सरगनाओं के समर्थन के खिलाफ हैं।उन्होंने इस वित्तीय सहायता को आतंकवाद को अप्रत्यक्ष समर्थन देने जैसा करार दिया है।

साथियों बात अगर हम भारतीय रक्षामंत्री के बयान का तुरंत जवाब पाक विदेश मंत्रालय द्वारा देने की करें तो भारत और पाक के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने नया बयान जारी करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है। यह अस्थायी युद्धविराम नियंत्रण रेखा पर जारी गोलीबारी को रोकने के उद्देश्य से लागू किया गया है, हालांकि भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है, भारत की कार्रवाई से पाक की ओर से कहा गया है भारत से रविवार यानी 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है, ट्रंप के सीजफायर वाले ऐलान से पहले बीते कुछ हफ्तों से नियंत्रण रेखा पर लगातार हो रही गोलीबारी और ड्रोन हमलों के बीच यह सीजफायर फैसला एक अस्थायी राहत की तरह देखा जा रहा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> “अब सवाल उठता है कि इतनी बड़ी राशि यानी 1.023 बिलियन अमेरिकी डॉलर की मंजूरी आईएमएफ ने कैसे की और डिलीवरी भी दे दी। मेरा मानना है कि बिना अमेरिका की सहमति से यह बिल्कुल ही नहीं हो सकता? मेरा मानना है कि अमेरिका इसी एक तीर से अनेकों निशाने लगाने की कोशिश कर रहा है, पाक की चीन पर निर्भरता कम करना, चीन को ग्वादरपोर्ट से लेकर चीन पाकिस्तान इकोनामिक कॉरिडोर के कर्ज के पैसे दिलाना तथा कि चीन से बढ़ती यारी और कर दे भारत को दर किनार वाली नीति तो नहीं, क्योंकि भारत जिस तेजी से बुलंदियों के झंडे गाढ़ रहा है उसे विश्व हैरान है।”

# खुद को बदल डालो, तुम औरों को नहीं बदल सकते

**नरेंद्र भारती**

एक विद्वान ने कहा था की खुद को बदल डालो तुम औरों को नहीं बदल सकते यह अटल सच्चाई है और आधुनिक समय के हालातों पर सटीक फिट हो रही है। दुनिया में प्रत्येक मानव के अपने- अपने विचार हैं अपनी- अपनी संगत है अपने =अपने दायरे हैं अपनी अपनी खुशी है आदमी खुश रहना चाहिए। इंटरनेट की दुनिया में सब मस्त हैं चौबीस घंटे व्यस्त हैं। ग़लत काम के लिए वक़्त ही वक़्त है अच्छे काम के लिए वक़्त नहीं है। आज संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा है। इंटरनेट की दुनिया ने सबको विद्वान् बना दिया है हर आदमी हरफ़नमोला बन चूका है। अपने से बड़ों का अपमान किया जा रहा है निरादर किया जा रहा है यह बहुत ही त्रासदी है। अहंकार हावी हो चूका है और मानव अहंकारी बनता जा रहा है। एक दूसरे को नीचा दिखाना मानव की फितरत बन चुकी है।खूनी रिश्तों में बढ़ता संक्रमण बहुत ही घातक होता जा रहा है और नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी बनती जा रही है।नैतिक मूल्यों का ह्रास होता जा रहा है व खूनी रिश्तों का आस्तित्व खत्म होता जा रहा है,नैतिक मूल्यों में गिरावट एक त्रासदी है समय रहते इस त्रासदी को रोकना होगा समाज को मंथन करना होगा तभी नैतिक मूल्यों की गिरावट।क सकती है। अक्सर देखा गया है की नई पीढ़ी नैतिक मूल्यों को भूलती जा रही है। नैतिक मूल्यों का ह्रास बहुत ही चिंतनीय है बुद्धिजीवी वर्ग को समय रहते मनन करना होगा वरना बहुत देर हो जाएगी। आधुनिक मानव स्वार्थी होता जा रहा है खून के रिश्तों को तोड़ रहा है और गैरों को अपना बना रहा है। विश्वास टूट रहे हैं अविश्वास बढ़ता जा रहा है। रिश्तों की मिठास खत्म हो रही है रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती जा रही है। रिश्तों के बंधन टूट रहे हैं खून के रिश्तों में गांठे पड़ती जा रही हैं। नैतिक मूल्य नष्ट होते जा रहे हैं। रिश्तों की माला बिखर रही है माला के मनके इधर उधर बिखर रहे हैं। खूनी रिश्ते गुमशुदा व गुमनाम होने लगे हैं कुछ रिश्ते लापता हो चुके हैं लापता होचुके रिश्तों को ढूंढ़ना होगा। रिश्तों की वर्णमाला के अक्षर भी आगे पीछे हो चुके हैं। रिश्तों की इबारतें भी बदल चुकी हैं। गलतफहमी ने भी रिश्तों को तोड़ा हैं टूट चुके रिश्तों को जोड़ना चाहिए ताकि रिश्तों की जड़े सदैव हरी रहे अहंकार के कारण रिश्ते बिखर रहे हैं। माया के मोहजाल में फंस चूका मानव आज भटक चूका है माया में अंधा हो चूका है पथभ्र्स्ट हो चूका है संवेदना,करुणा,मानवता नाम की कोई चीज नहीं है एक दूसरे को नीचे गिराने के लिए अनैतिक कार्य कर रहे हैं। रिश्ते असुरक्षित होते जा रहे हैं डरावने होते जा रहे हैं भय का वातावरण बन चूका है। रिश्तों के सिद्धांत बदलते जा रहे हैं परिभाषा बदल चुकी है रिश्ते मतलबपरस्त होते जा रहे हैं। नेकी व भलाई व अच्छाई खत्म होती जा रही है और बुराई का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। रिश्तों में ग्रहण लग गया है एक दूसरे का अच्छा नहीं देख सकते। ईर्ष्या पनप रही है नतीजन सगे रिश्तों के सुख दुःख में शामिल नहीं होते केवल मात्र औपचारिकता निभाई जा रही है। चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते टूट रहे हैं। रिश्तों की मशाल बुझती जा रही है। रिश्तों में बिखराव बड़े पैमाने पर बढ़ता जा रहा है। रिश्ते अर्थहीन होते जा रहे हैं। रिश्तों का स्वरूप बिगड़ चूका है। समाज को इस पर समीक्षा करनी होगी। रिश्तों में बढ़ती दूरियों को पाटना होगा एक सेतु बनाना होगा बिखर चुके रिश्तों को समेटना होगा ताकि रिश्तों की मशाल निर्बाध रूप से जलती रहे। बिखर चुके रिश्तों को संग्रहीत करना होगा नफ़रत के बीजों को नष्ट करना होगा। अपवित्र हो चुके रिश्तों को गंगाजल से पवित्र करना होगाद्य खानाबदोशों की तरह बिखर चुके व भटक चुके रिश्तों को इकठा करना होगा। रिश्तों में विश्वास लाना होगा ताकि विश्वास बरकरार रहे। रिश्तों का व्याकरण बदल चूका है। प्रस्तावना से सारांश तक रिश्ते बदलते जा रहे हैं। बिखर चुके खून के रिश्तों का विश्लेषण करना होगा रिश्तों की इस तबाही को रोकना होगा। नैतिक मूल्यों का क्षरण रोकना होगा। भटक चुके मानव को नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाना चाहिए ताकि एक स्वस्थ समाज बन सके। मानवीय मूल्यों को बचाना होगा। आधुनिक मानव माया के लालच में रिश्ते नाते भूलता जा रहा है मोबाइल पर व्यस्तता बहुत बढ़ गई है किसी से कोई मतलब नहीं है मोबाइल ही सच्चा साथी बन गया है मोबाइल ने रिश्तों में दूरियां पैदा कर दी हैंद्य मानव की संवेंदनायें मृतप्राय हो चुकी हैं और मानव संवेंदनहीन हो चूका है,कौन जी रहा कौन मर रहा है कोई सरोकार नहीं है। यह बहुत ही त्रासदी है चौबीस घंटे इंटरनेट की दुनिया में मस्त है चौबीस घंटे भी कम होने लगे है। दिन रात आभासी दुनिया में अनावश्यक ही व्यस्त रहता है। व्यस्तता इतनी बढ़ गई है कि माँ बाप के साथ बात तक करने को समय नहीं है। एक समय था कि आदमी एक दूसरे के दुःख सुख में शामिल होता था लेकिन आज किसी के पास एक मिनट का भी समय नहीं है। रिश्ते नाते खत्म होते है रहे हैं रिश्तों का कत्लेआम किया जा रहा है चंद स्वार्थ के लिए रिश्ते तोड़े जा रहे हैं। समाज में भाई चारा खत्म होता जा रहा है एक दूसरे को नीचा दिखाने कि होड़ लगी है। सोशल मीडिया पर हर समय व्यस्त रहते हैं। आज गरीब रिस्तेदार व भाई से नफ़रत की जाती हैद्य आभासी दुनिया तक ही सीमित हो चुके है। यह पतन कि पराकाष्ठा है। सवेंदना की परिभाषा बदल चुकी हैं और लोग संवेंदनहीन होते जा रहे हैं।



(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

> “रिश्तों की बुनियाद हिलती जा रही है और जर्जर हो चुकी है दीवार का एक पत्थर भी निकल जाये तो दीवार कभी भी ढह सकती है और रिश्ते दफन हो सकते हैं।रिश्तों की दशा अब दुर्दशा में बदलती जा रही हैद्य मानव निजी हितों के लिए अनैतिक आचरण कर रहा हैद्य यह बहुत ही घातक है। जर,जोरू,जमीन के लिए रिश्तों का खून बहाया जा रहा है परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं जमीन के टुकड़े के लिए एक दूसरे के प्यासे हो चुके हैं। भाईचारा खत्म होता जा रहा नफ़रत के बीज बोये जा रहे हैं रिश्तों की दीवारें दरक रही हैं और नफ़रत की दीवारें खड़ी होती जा रही हैं। रिश्तों में असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है असंतोष पनपता जा रहा है रिश्तों में गहरी खाइयाँ होती जा रही हैं।”

# मेरी मां- तेरी मां

**हेमेन्द्र क्षीरसागर**

मां है तो हम है, मां हैं तो जहान हैं। मां की छाव से बडी कोई दुनिया नहीं। मां के चरणों में जन्नत हैं और उस जन्नत की मन्नत सदा-सर्वदा हम पर आसिन हैं। मां की बरकत कभी भेदभाव नहीं करती वह समान रूप से सभी बच्चों पर बरसती हैं। मां के लिए कोई औलाद तेरी-मेरी नहीं बल्कि सिर्फ और सिर्फ मेरी ही होती हैं। एक मां के आंचल में सब बच्चे समा जाते हैं पर सब बच्चों के हाथों में एक मां नहीं समा सकती। इसीलिए मेरी मां- तेरी मां की किरकिरी में मां परायी हो जाती हैं। क्यां मां का भी बंटवारा हो सकता हैं, आज मेरी तो कल तेरी और परसों किसी की नहीं। हालात तो बंटवारे की हामी भरते है। बानगी में वक्त के साथ-साथ खून का अटूट बंधन ममता के लिए मोहताज हो जाता हैं। मां बेटा-बेटा कहती हैं और बेटा टाटा-टाटा कहता हैं। वाह! रे जमाना तेरी हद हो गई जिसने दुनिया दिखाई वह सरदर्द होकर तोल मोल के चक्कर में बेघर हो गई। यह एक चिंता की बात नहीं वरन् चिंतन की बात हैं कि आखिर ऐसा क्यों और किस लिए हो रहा है? इसका निदान ढूंढे नहीं मिल रहा है या ढूंढना नहीं चाहते हैं। चाहे जो भी इस वितृष्णा में दूध का कर्ज मर्ज बनते जा रहा है, जो एक दिन नासुर बनकर मानवता को तार-तार कर देगा। तब हमें अहसास होगा कि माता, कुमाता नहीं हो सकती अपितु सपूत कपूत हो सकते हैं। बहरहाल, पूत के पांव जब पालने में होते है तब से वो मां, मां की मधुर गुंजार से सारे जग को अलौकिक कर देता हैं। अपनी मां के लिए रोता हैं, बिलकता हैं और तडपता हैं। मां की गोद में बैठकर निवाला निगलता हैं। उसे तो चहुंओर मात्र दिखाई पडती है तो अपनी मां और मां, मां कहकर अपनी मां पर अपना हक जताता हैं। यही ममतामयी माया मां-बेटे के अनमोल रिश्ते का बेजोड मिलन हैं। लगता है यह कभी टूटेगा नहीं पर काल की काली छाया इस पवित्र बंधन को जार-जार करने में कोई कोर कसर नहीं छोडती। देखते ही देखते मेरी मां, तेरी मां और दर-दर की मां बन जाती हैं। दरअसल, जवान जब आधुनिक व भौतिकी उलझन में नफा-नुकसान का ख्याल करते है। तब बूढे मॉ-बाप बेकाम की चीज बनकर बोझ लगने लगते हैं। जब इनसे कोई फायदा नही तो इन्हें पालने का क्यां मतलब? जिसने कोख में पाला उसकी छाया बुरी है। इसी मानस्किता को अख्तियार किये तथाकथित बेपरवाह खूदगर्ज अपनी जननी को तेरी मां-तेरी मां बोलकर अपनी जिम्मेदारियों से छूटकारा चाहते है। वीभत्स चौथे पहर में पनाह देने के बजाय वृद्धाश्रम में ढकेल कर या कूड-कूडकर जीने के लिए हाथों में भीख का कटोरा थमा देते है। जहां वह बूढी मां मेरे बेटे-मेरे बेटे की करहाट में दम तोडने लगती हैं कि कब मेरा बेटा आएगा और प्यार से दो बूंद पानी पिलाएंगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8372

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

### शब्द पहेली -8371 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | वा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | द्य | ■ | अ | रा | ज | क |
| क | रा | र | ■ | क | प | ट | ■ | हा |
| ■ | र | ज | त | ■ | ना | ■ | आं | सु |
| अ | ■ | क | मी | ना | प | न | ■ | नी |
| चा | बी | ■ | ज | ■ | न | ज | ला | ■ |
| न | ■ | स | वा | ल | ■ | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | ■ | आ | ■ | वा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | स | बा | ब | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**20 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| **सूर्य** | वृष में | **वृष** | 04.58 बजे से |
| **चंद्र** | कुंभ में | **मिथुन** | 07.00 बजे से |
| **मंगल** | कर्क में | **कर्क** | 09.14 बजे से |
| **बुध** | मेष में | **सिंह** | 11.30 बजे से |
| **गुरु** | मिथुन में | **कन्या** | 13.42 बजे से |
| **शुक्र** | मीन में | **तुला** | 15.53 बजे से |
| **शनि** | मीन में | **वृश्चिक** | 18.07 ब.से |
| **राहु** | मीन में | **धनु** | 20.23 बजे से |
| **केतु** | कन्या में | **मकर** | 22.28 बजे से |
| **राहुकाल** | | **कुंभ** | 00.15 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | **मीन** | 01.48 बजे से |
| बजे तक | | **मेष** | 03.18 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 140 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** सप्तमी 05.52 बजे तदनन्तर अष्टमी 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **नक्षत्र** धनिष्ठा 19.32 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 02.50 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 05.52 बजे, बालव 17.29 बजे तदनन्तर कौलव 04.56 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 22.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 59' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872350 **जूलियन दिन** 2460815.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्काद **तारीख** 21 **विशेष** कालाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **रोग** | 05.53 से | 07.22 बजे तक | **काल** | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| **उद्वेग** | 07.22 से | 08.15 बजे तक | **लाभ** | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| **चर** | 08.15 से | 10.19 बजे तक | **उद्वेग** | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| **लाभ** | 10.19 से | 11.48 बजे तक | **शुभ** | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| **अमृत** | 11.48 से | 01.16 बजे तक | **अमृत** | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| **काल** | 01.16 से | 02.45 बजे तक | **चर** | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| **शुभ** | 02.45 से | 04.13 बजे तक | **रोग** | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| **रोग** | 04.13 से | 05.42 बजे तक | **काल** | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसिद्ध कथा वाचक 1008 कोकिल जी महाराज के प्रभुमिलन पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सनातन धर्म के ध्वज वाहक, परम पूज्य गुरुदेव प्रसिद्ध कथा वाचक 1008 कोकिल जी महाराज के प्रभुमिलन होने पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोकिल जी महाराज का जाना सम्पूर्ण आध्यात्मिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि महाराज जी ने तप, सेवा और कथा अमृत से असंख्य लोगों को भक्ति मार्ग पर अग्रसर किया। उनकी वाणी व विचार सदा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से परम पूज्य गुरुदेव जी को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और सभी अनुयायियों को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने प्रसिद्ध कथावाचक कोकिल महाराज जी के देवलोकगमन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रसिद्ध कथावाचक कोकिल महाराज जी का गुना स्थित हनुमान टेकरी मंदिर भवन को भव्य स्वरूप देने में योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका अवसान धर्म जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### सात वर्ष बाद पुलिस मुख्यालय में होगी लिपिकीय संवर्ग में भर्ती

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय में लिपिकीय संवर्ग में सात वर्ष बाद 400 पदों पर भर्ती होने जा रही है। अभी इन रिक्त पदों पर जिला पुलिस बल के जनरल ड्यूटी वाले पुलिसकर्मियों को पदस्थ कर काम लिया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए कर्मचारी चयन मंडल को प्रस्ताव भेजा गया है। इसके पहले वर्ष 2018 में इन पदों पर नियुक्तियां की गई थीं। कर्मचारी चयन मंडल इसी वर्ष इन पदों पर नियुक्तियां करेगा। इसका बड़ा लाभ यह होगा कि लिपिकीय कार्यों के लिए दक्ष कर्मचारी मिल सकेंगे। इन्हें कंप्यूटर का ज्ञान भी रहेगा। इनकी पदस्थापना होने के बाद जिला पुलिस बल के जिन पुलिसकर्मियों को पुलिस मुख्यालय में लगाया गया है, उन्हें वापस जिलों में भेज दिया जाएगा, जिससे जिलों में पुलिस बल की कमी पूरी की जा सकेगी। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यालय की हर शाखा में आवश्यकता के अनुसार इन्हें पदस्थ किया जाएगा। प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे वह अपना काम पूरी दक्षता के साथ कर सकें। बता दें कि इस संवर्ग में आरक्षक पद से भर्ती होने के बाद जिला पुलिस बल की तरह पदोन्नति दी जाती है।

### भारत भक्ति यात्रा निकालकर सेना को धन्यवाद देगा भोपाल सैनिक परिवार की माताओं का होगा सम्मान

**भोपाल।** भोपाल की मातृशक्ति 20 मई, मंगलवार को महाराणा प्रताप नगर, डीबी मॉल के सामने से शौर्य स्मारक तक शाम 5:30 बजे ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में भारत भक्ति यात्रा निकालकर सेना के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करेगी। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल मानवेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में बीते दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बहनों के सिंदूर उजाड़ने वालों को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से सबक सिखाने वाली साहसी सेना का आभार व्यक्त किया जाएगा। इसके साथ ही सैनिक परिवारों की माताओं का सम्मान भी किया जाएगा। इस यात्रा में शहर का सर्व समाज का प्रबुद्धजन मातृशक्ति शामिल होकर समाज में एकता, सामंजस्य एवं सौहार्द का संदेश देंगी।

### शिक्षा के क्षेत्र में नया कदम , भोपाल के प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी

**भोपाल।** शैक्षणिक स्तर को लगातार नए आयाम से जोडने् का कार्य तेजी से जारी है। स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसके लिए प्रदेश के शिक्षा विभाग का प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी मिल गई है अब नए शैक्षणिक सत्र में कक्षा 11 वीं व 12वीं के विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा का अध्ययन नई तकनीक से साथ कर सकेंगे शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अब हाई सेकेंडरी स्कूल केविद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा इसी सत्र से अनिवार्य की गई है। इसके लिए विद्यार्थी को दो ट्रेड सीखना होंगे, प्रदेश के 4000 से ज्यादा स्कूलों में 14 ट्रेड और 30 जॉब रोल की शिक्षा विद्यार्थियों को दी जाएगी। वर्ष 24 - 25 के शैक्षणिक सत्र में इसे लागू किया जा रहा है। स्कूल खुलने के साथ ही व्यवसायिक ज्ञान विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मिले इसके प्रयास किया जा रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण के साथ दिखेगा मालवा का वैभव, राजवाड़ा में होगी मप्र सरकार की कैबिनेट बैठक

विजय मत, ब्यूरो, इंदौर

मध्यप्रदेश की राजनीति में ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब आजादी के बाद पहली बार इंदौर के राजवाड़ा स्थित गणेश हॉल में होलकर रियासत की परंपरा अनुसार कैबिनेट बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अगुवाई में होने वाली यह बैठक शासन और संस्कृति का अनोखा संगम बनकर सामने आएगी।



### दरबार जैसी सजेगी कैबिनेट बैठक

राजवाड़ा के गणेश हॉल को होलकर शासनकाल की तर्ज पर सजाया गया है। मुख्यमंत्री और मंत्री परिषद के सदस्य पारंपरिक अंदाज में पटियों और गद्दों पर बैठेंगे। ठीक उसी तरह जैसे 1945 में अंतिम बार होलकर राजाओं का दरबार यहां सजा था। सिंह की आकृति वाले पारंपरिक लोट, रंग-रोगन से चमकती भगवान गणेश की प्रतिमा, और दीप प्रज्वलन से बैठक का शुभारंभ होगा।

### पहली मंजिल पर होगी भोजन व्यवस्था

कैबिनेट बैठक के बाद मंत्रियों और अधिकारियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी राजवाड़ा परिसर में ही की गई है। गणेश हॉल के ऊपर स्थित हॉल में कुर्सियों पर बैठकर पारंपरिक भोजन परोसा जाएगा। पूरी इमारत को 30 से ज्यादा एसी और दो दर्जन जनरेटर से लैस किया गया है ताकि बिजली आपूर्ति में कोई व्यवधान न आए।

### एलसीडी और फ्लैक्स से भरेगा गौरव का अहसास

बैठक स्थल पर चार छोटी और एक बड़ी एलसीडी स्क्रीन लगाई गई हैं। दीवारों पर देवी अहिल्याबाई होलकर और उनके ससुर मल्हार राव होलकर के सुशासन को दर्शाते होर्डिंग-फ्लैक्स लगाए गए हैं। इसमें अहिल्याबाई की नारी सशक्तिकरण और मल्हार राव की वीरता को उकेरा गया है।

### महिला सशक्तिकरण और मालवा की संस्कृति पर विशेष फोकस

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इस ऐतिहासिक बैठक के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश देना और मालवा की सांस्कृतिक विरासत को उजागर करना सरकार का उद्देश्य है। बैठक का स्वरूप होलकर कालीन परंपरा के अनुरूप तय किया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मार्गदर्शन लिया गया।

### अहिल्या उद्यान को भी संवारा गया

कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री और मंत्रीगण अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके लिए राजवाड़ा परिसर और अहिल्या उद्यान को विशेष रूप से सजाया गया है। पत्थरों और मूर्तियों की पॉलिश के साथ-साथ बारिश के मद्देनजर जल निकासी और अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई हैं।

### गोपाल मंदिर गली में 25 पारंपरिक व्यंजन स्टॉल

इंदौर की पहचान को उजागर करने के लिए गोपाल मंदिर वाली गली में 25 पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। वहीं, सराफा चौपाटी पर भी मेहमानों के लिए खास व्यंजन प्रस्तुत किए जाएंगे। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### प्रेस ब्रीफिंग और सुरक्षा के खास इंतजाम

राजवाड़ा के बाहर पीएम और सीएम के कटआउट लगाए गए हैं। यहीं प्रेस ब्रीफिंग के लिए विशेष केबिन बनाया गया है। सुरक्षा के लिए तैनात कर्मी केवल अधिकृत लोगों को ही अंदर प्रवेश देंगे। बाहर मुख्य द्वार के पास अधिकारियों के लिए एक डोम भी तैयार किया गया है।

### पीआईयू द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की

# सामंजस्य एवं विभागीय सक्रियता की कमी से निर्माण कार्यों में विलंब अस्वीकार्य : शुक्ल

विजय मत, भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि निर्माण एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करें और अंतर्विभागीय समन्वय से संबंधित विषयों को तत्काल रेखांकित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन स्थलों पर निर्माण एजेंसियों को भूमि उपलब्ध नहीं कराई गई है अथवा अन्य कोई प्रशासनिक विभागीय अवरोध या असमंजस की स्थिति है, उसकी स्थिति उच्च अधिकारियों को तुरंत अवगत कराई जाए, ताकि उनका प्राथमिकता से निराकरण कार्य को गति दी जा सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सामंजस्य एवं विभागीय सक्रियता की कमी से कार्यों में विलंब पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण करना स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में परियोजना कार्यान्वयन इकाई (पीआईयू) द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अधोसंरचना विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।



### भुगतान में विलंब विभागीय उदासीनता

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि किए गए कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में विलंब से कार्य की गति प्रभावित होती है और यह विभागीय उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी स्वयं मैदानी निरीक्षण कर कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करें तथा 15वें वित्त आयोग और पीएम-अभीम योजना के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, अंडर ग्रेजुएट/पोस्ट ग्रेजुएट सीट अपग्रेडेशन, सीसीबी सहित सभी अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की एवं स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट का योजनाबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाए, और उपकरण एवं फर्नीचर की खरीदी का कार्य समानांतर रूप से किया जाए। जिससे निर्माण कार्य पूर्ण होने और सेवा प्रदाय में विलम्ब न हो।

बैठक में बताया गया कि सिवनी, नीमच और मंदसौर में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और ये संस्थान सेवा में आ चुके हैं। वहीं छतरपुर, दमोह, राजगढ़ और सीआईएमएस छिंदवाड़ा में कार्य प्रगतिरत हैं। मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में यूजी सीट्स अपग्रेडेशन के अंतर्गत भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और रीवा में मेडिकल कॉलेज में कार्य पूर्ण हो चुके हैं। सागर में कार्य प्रगतिरत है। पीजी सीट्स के अपग्रेडेशन के लिए भोपाल, इंदौर, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और रीवा में निर्माण एवं संसाधन उन्नयन कार्य प्रगतिरत हैं। बैठक में यह जानकारी दी गई कि पीआईयू द्वारा राज्य में वर्तमान में 217 कार्य प्रगतिरत हैं, जिनके लिए 1054 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 24 कार्यों के लिए 283 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, परंतु वे अभी प्रारंभ नहीं हो पाए हैं। 5 कार्य विभिन्न कारणों से अवरुद्ध हैं। कुल 246 कार्यों के लिए 1027 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी जानी शेष है।

नर्सिंग कॉलेज मंदसौर में बाउंड्री वॉल निर्माण, छिंदवाड़ा में होस्टल और कॉलेज भवन का कार्य, सतना एवं राजगढ़ में लैंड डेवलपमेंट कार्य प्रगतिरत है। नीमच में प्रस्तावित नर्सिंग कॉलेज के लिए टेंडर की स्वीकृति शासन स्तर पर लंबित है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 352.5 करोड़ रुपए की मांग प्रस्तुत की गई थी, जिसके विरुद्ध अब तक 40.5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से 12.81 करोड़ रुपए का व्यय किया गया है, 52.32 करोड़ रुपए के बिल लंबित हैं।

## बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही करने पर की जाएगी सख्त से सख्त कार्यवाही: कलेक्टर सिंह




विजय मत, भोपाल

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भोपाल जिले के अंतर्गत संचालित स्कूल संचालकों की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था एवं बच्चों की बसों के संबंध में यातायात पुलिस के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी हैं कि बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बच्चें देश का भविष्य है। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा बच्चों की सुरक्षा के साथ अवांछनीय व्यवहार करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। विगत दिवस हुई घटना में भी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि नए सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूल संचालक स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी नियुक्त कर सभी बच्चों के ट्रांसपोर्ट, वाहनों का फिटनेस, ड्रायवर का स्क्रीनिंग एवं ओरिएटेंशन प्रोग्राम कराकर संयुक्त सार्टिफिकेट देंगे। इसके साथ ही सभी बसों में सुरक्षा की दृष्टिगत माननीय सर्वोच्च न्यायालय के बच्चों के स्कूल ट्रांसपोटेशन के संबंध में दिए गए निर्देश एवं सीबीएससी नॉर्म्स का पालन करेंगे। इसके साथ ही समय-समय पर पुलिस एवं प्रशासन स्कूल वाहनों के चालक - परिचालकों की स्क्रीनिंग प्रोग्राम के माध्यम से गाइड लाइन के संबंध में जानकारी देंगे।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक संजीव सिंह द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से स्कूल वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं सुरक्षा नोम्स की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल संचालक, नशा करने वाले चालक-परिचालकों नौकरी पर न रखे, सभी स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे, स्पीड गर्वनर के साथ जीपीएस सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, इमर्जेंसी विंडो, फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था के साथ हॉरिजोन्टल ग्रिल (आडी पटिट्यां) अनिवार्य रूप से लगवाएं। बसों में समय-समय पर बच्चों की सुरक्षा दृष्टिगत माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षक स्वयं यात्रा कर बसों की सुरक्षा मापदंडों को जांचें। उन्होंने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि सभी चालक - परिचालक यातायात नियमों का पालन करें।

## इंदौर हाईकोर्ट में ग्रीष्मकालीन अवकाश से पहले आइसक्रीम पार्टी, जज और वकीलों ने लिया लुत्फ

विजय मत, ब्यूरो, इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में भी हर साल ग्रीष्मावकाश होता है। अवकाश पर जाने से पहले सोमवार को हाईकोर्ट परिसर इंदौर में आइसक्रीम पार्टी हुई। जहां जज और वकील इसमें शामिल हुए। उन्होंने आइसक्रीम व अन्य ठंडे पदार्थ व पेयों को लुत्फ लिया। इस बार आइसक्रीम के अलावा बर्फ को गोला, तरबूज भी मैन्यू में शामिल था। हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में यह परंपरा 64 वर्षों से चली आ रही है। पार्टी की शुरुआत में जजों को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जजों को आइसक्रीम सर्व की। इसके बाद फिर वकीलों ने भी आइसक्रीम व तरबूज खाए। गर्मी से बचाव के लिए परिसर में टेंट भी लगाया गया था। पार्टी दोपहर डेढ़ बजे शुरू हुई और ढाई बजे तक चली। इसमें खंडपीठ के ज्यादातर न्यायमूर्ति शामिल हुए। इस पार्टी में एक लाख रुपये का खर्च आया। खास बात यह है कि पार्टी का खर्च हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष को वहन करना होता है। पार्टी में जिला कोर्ट के कुछ वकील भी शामिल हुए। आइसक्रीम पार्टी की परंपरा इंदौर में बार एसोसिएशन के गठन के बाद वर्ष 1960 में शुरू हुई। तब के बार एसोसिएशन ने गर्मी की छुट्टी से पहले आइसक्रीम पार्टी का आयोजन किया। यह पार्टी इतनी सफल हुई कि बाद में इसकी परंपरा नहीं टूटी। कोरोनाकाल के दो साल तक इस पार्टी पर विराम लगा रहा, लेकिन बाद में फिर इसे शुरू कर दिया गया।



### मदरसा बोर्ड शिक्षा सत्र-2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 मई से 30 जून 2025 तक

**भोपाल।** राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2025-26 में मदरसा मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत पोर्टल पर 23 मई से 30 जून 2025 तक के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें वर्ष 2025 तक मान्यता प्राप्त सामान्य मदरसों के अतिरिक्त वर्ष 2022 तक मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके बाद ऐसे मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित आवश्यक सर्कुलर एवं अभिलेखों की विस्तृत जानकारी मदरसा बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट www.mpmb.org.in पर एवं एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल पर मदरसा-बोर्ड पेज पर उपलब्ध कराई गई है।

### भाजपा सरकार स्टार्ट-अप के जरिए युवाओं को रोजगार देने वाला बना रही है

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में निवेश को मिल रही नई दिशा: यशपाल सिंह सिसौदिया

विजय मत, भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बीते एक वर्ष में स्टार्ट-अप में 30 प्रतिशत और महिला स्टार्ट-अप में 34 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नई स्टार्ट-अप नीति लागू होने के बाद मध्यप्रदेश सरकार नवाचार और उद्यमिता को लगातार बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार स्टार्ट-अप के जरिए युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर रोजगार देने वाला बना रही है। स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रदेश में निवेश को नई दिशा देने एवं नवाचार और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए मैं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करता हूं। स्टार्ट-अप के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में वृद्धि और राज्य में नवाचार को प्रोत्साहन देने में सरकार सफल रही है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया ने कहा कि पिछले एक वर्ष में राज्य में मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप की संख्या 4012 से बढ़कर 5300 हो गई, जिसमें 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्ट-अप में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुंच गई हैं। इन प्रयासों से यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिला उद्यमिता के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। प्रदेश में महिलाओं और कृषि स्टार्ट-अप को मंच मिला है।

**खास-खबर** केएफडब्ल्यू डेवलपमेंट बैंक अधिकारियों द्वारा 400 केवी सब स्टेशन मंदसौर का निरीक्षण

## जर्मनी वित्त पोषित ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर परियोजनाओं में एमपी ट्रांसको के कार्य उच्चस्तरीय : वाल्टर

विजय मत, भोपाल

जर्मनी के के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय की मॉनिटरिंग में पूरी की गई उन परियोजनाओं का निरीक्षण किया, जिन्हें ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-1 योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया था। जर्मनी से आए बैंक के तकनीकी अधिकारी वाल्टर क्लोट्ज ने इस परियोजना के अंतर्गत निर्मित मंदसौर 400 केवी सबस्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने एमपी ट्रांसको द्वारा कराए गए कार्यों की उच्च गुणवत्ता और उत्कृष्ट तकनीकी तरीकों की सराहना की।



### अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप कार्य

जर्मन प्रतिनिधि वाल्टर क्लोट्ज ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्त पोषित कार्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किए गए हैं और अब इनका संचालन एवं संधारण एमपी ट्रांसको की कुशल टीम द्वारा प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

### सब स्टेशन का सूक्ष्म निरीक्षण

क्लोट्ज ने सब स्टेशन के रखरखाव, स्काडा सिस्टम के माध्यम से डेटा मॉनिटरिंग, जैसे कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण कर उन्हें अत्यंत उत्कृष्ट बताया। उन्होंने स्वयं भी परिसर में वृक्षारोपण किया। निरीक्षण के दौरान के.एफ.डब्ल्यू. बैंक के भारतीय प्रतिनिधि रमन रेड्डी, एमपी ट्रांसको के वाय.आर. मांडलेकर, मनीष महावर, पंकज कुमार राय एवं राजेश भूरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अभियांत्रिकी और सीओजीएचएस कार्यालय को मिला आईएसओ सर्टिफिकेशन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कम्पनी जबलपुर के मुख्यालय स्थित कार्यपालक निदेशक अभियांत्रिकी व संयुक्त निदेशक सेंट्रल ऑफिस ऑफ जनरेशन एंड हायडल स्टेशन कार्यालय को अंतर्राष्ट्रीय क्वालिटी स्टैण्डर्ड आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है। इन कार्यालयों को यह प्रमाण पत्र उच्च स्तर के अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों का पालन करने के लिये प्राप्त हुआ है। इससे पूर्व पॉवर जनरेटिंग कंपनी के तीन कार्यालयों मुख्य अभियंता उत्पादन भंडार, मुख्य अभियंता संचालन संधारण-जल विद्युत व मुख्य अभियंता फ्यूल मैनेजमेंट को अंतर्राष्ट्रीय क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम 9001:2015 प्रमाणीकरण प्राप्त हो चुका है। सभी पांच कार्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानदंडों का पालन करते हुए कार्य कर रहे हैं।

## 'लोकतंत्र को कमजोर कर रही है भाजपा, स्थानांतरण नीति को बनाया गया है भ्रष्टाचार और बदले की राजनीति का औजार': मिश्रा

विजय मत, भोपाल

सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक अभय मिश्रा ने मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर स्थानांतरण नीति में पक्षपात, भेदभाव और तानाशाही रवैया अपनाने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है, बल्कि संवैधानिक प्रावधानों और जनप्रतिनिधियों की गरिमा को भी ठेस पहुंचा रही है।

मिश्रा ने खुलासा किया कि रीवा में हाल ही में आयोजित स्थानांतरण नीति की बैठक की जानकारी उन्हें जानबूझकर नहीं दी गई, जबकि अन्य विधायकों और सांसदों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने इसे एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा, यह उपेक्षा केवल मेरी नहीं, बल्कि सेमरिया की जनता का अपमान है। विधायक जनता का प्रतिनिधि होता है, न कि किसी राजनीतिक दल का गुलाम। इस प्रकार की तानाशाही रवैया लोकतंत्र के लिए खतरा है।



मिश्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की स्थानांतरण नीति पूरी तरह से जाति, वोट बैंक और आर्थिक लेन-देन पर आधारित है। उन्होंने कहा, स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव है। यह नीति जनहित के लिए नहीं, बल्कि सत्ताधारी दल के हितों को साधने और अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सेमरिया क्षेत्र में पिछले 15 दिनों से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए एक वसूली अभियान चलाया जा रहा है, जो पूरी तरह से राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित है। मिश्रा ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह सरकार विपविधायकों की आवाज को दबाने और उनकी भूमिका को नकारने का प्रयास कर रही है। यदि विपजनप्रतिनिधियों की कोई भूमिका नहीं है, तो सरकार को इसे खुले तौर पर घोषित करना चाहिए।

## न्यूज इन शॉर्ट

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 23 मई को

शहडोल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह ने जानकारी दी है कि अध्यक्ष जिला पंचायत शहडोल की उपस्थिति में जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन 23 मई को दोपहर 3 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा।

### जिले में कुल 3.71 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

शहडोल। अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 18 मई 2025 को कुल 3.71 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 0.0 मिमी., बुढ़ार में 1.0 मिमी., गोहपारू में 2.0 मि.मी., जैतपुर में 0.0 मिमी, चन्नौड़ी में 0.0 मिमी., ब्यौहारी में 0.0 मिमी, जयसिंहनगर में 25.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 26.0 मिमी वर्षा एवं औसत वर्षा 3.71 मिमी. दर्ज की गई है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु मास्टर ट्रेनर नियुक्त

शहडोल। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के निर्वाचन हेतु 01 जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के सतत पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ केदार सिंह द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार कराने हेतु जनपद पंचायतवार मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। सोहागपुर जनपद पंचायत हेतु प्रशांत सालवार एवं पंकज तिलाटिया दोनो व्याख्याता पॉलीटेक्निक शहडोल, ब्यौहारी जनपद पंचायत हेतु एचएल पेन्टों बीईओ ब्यौहारी, तथा शशिकांत शर्मा प्राचार्य शा.उ.वि. खड्डा ब्यौहारी, जनपद पंचायत बुढ़ार के लिए अनूप सेन तथा डॉ मनोज कुजूर दोनो सहायक प्राध्यापक शा. नेहरू महा.विद्यालय बुढ़ार, जयसिंहनगर जनपद पंचायत के लिए महेन्द्र त्रिपाठी सहायक शिक्षक तथा पुष्पेन्द्र सिंह वरिष्ठ अध्यापक को मास्टर टेऊनर नियुक्त किया गया है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में 29 मई से 12 जून तक शिविर

शहडोल। भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से 29 मई से 12 जून तक खरीफ फसल के पूर्व अभियान चलाकर केन्द्रीय योजनाओं एवं मध्यप्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दिजात की गई नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकियों तथा किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। विकसित कृषि संकल्प अभियान के संचालन समिति की बैठक कलेक्टर डॉ केदार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय टीम का चयन कर दैनिक रूप से आयोजित किए जाने वाले कृषि शिविरों की तिथि एवं स्थान का चयन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। शिविरों में जहां किसानों को नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकियों की जानकारी दी जाए वहीं विभिन्न योजनाओं के नए पात्र हितग्राहियों का चयन तथा सफल किसानों द्वारा प्रस्तुतिकरण भी दिया जाए। अभियान के प्रभावी संचालन हेतु वैज्ञानिकों एवं कृषि संबद्ध टीमों का चयन किया जाए। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ, आई सी एआर संस्थान के वैज्ञानिक, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग मत्स्य विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़ पौध संरक्षण अधिकारी, प्रगतिशील किसान, कृषि उद्यमी, एफपीओ, एफआईजी तथा स्वसहायता समूहों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए। अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु क्षेत्र विशेष के लिए खरीफ मौसम में बुवाई जाने वाली प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक एवं उन्नत तकनीकि की जानकारी देना किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा नीतियों से अवगत कराने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादों के प्रयोग के लिए जागरूकता लाई जाएगी।

# जल चौपाल लगाकर कलेक्टर ने लोगों को बताया जल का महत्व

## पानी का संचयन आने वाले पीढ़ियों के लिए जरूरी, जल के बिना जीवन असंभव

**विजय मत, शहडोल**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर में प्रस्फुटन वाटिका प्रांगण में जल का महत्व बताने के लिए जल चौपाल लगाई। कलेक्टर ने जल का महत्व बताते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसके बिना मानव जीवन की कल्पना असंभव है। उन्होंने बताया कि जल संसाधनों का अंधाधुंध दोहन भविष्य के लिए गंभीर संकट पैदा कर सकता है। इसलिए वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई तथा पारंपरिक जल स्त्रोतों के संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल को बचाने के लिए केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही बल्कि हम सभी कि जिम्मेदारी है कि आने वाले पीढ़ियों के लिए पानी का संचयन करें। उन्होंने कहा कि जल के बीना जीवन संभव नही है, जल अमूल्य है, इसे बचाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। उन्होनें कहा कि गांव आपका है, जल स्त्रोत भी आपके हैं, मिट्टी भी आपकी है और इनका उपभोग भी आप सभी ग्रामवासी करते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन स्थानीय समुदाय के सहयोग से किया जा रहा है। आप सभी लोग सहभागी बनें, जिला प्रशासन आपके साथ है।



जन चौपाल को सम्बोंधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने कहा कि जल प्रकृति का अमूल्य उपहार है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा बदलते मौसम, भू-जल स्तर में गिरावट और अनियमित वर्षा के चलते जल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। ऐसे में जल का विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है।

जन चौपाल में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय, जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, ग्राम पंचायत सचिव मनोज मिश्रा, राहुल द्विवेदी, जन अभियान परिषद के ग्राम प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था के सदस्य, सीएमसीएलडीसी के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

### बोधी बंधान कार्य में निभाई सहभगिता, जल संरक्षण का दिया संदेश



जल है अनमोल समझें इसका मोल। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। स्मशान घाट के पास पूर्व से बनाए गए स्टाप डैम में जन अभियान परिषद की ग्राम जोधपुर की प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत ने स्टाप डैम में बोरी बंधान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के निर्णय से प्रभावित होकर कलेक्टर डॉ केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पाण्डेय भी गांव में पहुचकर श्रमदान किया। बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा जिसे देखकर ग्रामीण जन प्रसन्न हो गए। सुबह तक जल भराव क्षेत्र तालाब सा आकार ले लिया। पानी भर जाने से गांव के पशु-पक्षियों को पीने का पानी तथा ग्रामीण जनों को निस्तार हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

बोरी बंधान में जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, सरपंच रामसखु बैगा, उप सरपंच आदित्य प्रताप सिंह, सुशील शर्मा, ग्राम पंचायत सचिव मनोज मिश्रा, राहुल द्विवेदी, भानमती, छोटू बैगा, संतोष सिंह, अशोक प्रताप रजक, कमलभान सिंह अवधेश सिंह, कौसल प्रसाद वर्मा, विजय गुप्ता एडवोकेट तथा जन अभियान परिषद के ग्राम प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था के सदस्य, सीएमसीएलडीसी के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासियों ने श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।

# पेट दर्द से तंग आकर बुजुर्ग महिला ने लगाई फांसी

**विजय मत, ब्योहारी**

जिले के देवलौंद थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां 72 साल की एक बुजुर्ग महिला ने पेट दर्द से परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब यह हादसा हुआ, उस वक्त महिला का परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने मैहर गया हुआ था और वह घर में अकेली थी।

पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम भूरी यादव था और वह पिछले चार सालों से पेट दर्द की बीमारी से परेशान थी। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भूरी यादव ने घर के पास एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पता चला कि महिला ने पेट दर्द से तंग आकर यह कदम उठाया।गांव के लोगों ने बताया कि भूरी यादव की तबीयत पिछले कुछ समय से



बहुत खराब चल रही थी, जिससे वह मानसिक रूप से भी काफी परेशान थीं। वह अक्सर कहती थीं कि पेट दर्द से बहुत तकलीफ हो रही है। उनके परिवार वाले भी बताते हैं कि वह कई बार पारिवारिक कार्यक्रमों में भी शामिल नहीं होती थीं, जिससे साफ था कि उनकी हालत ठीक नहीं थी। परिजनों ने बताया कि उन्होंने भूरी यादव का इलाज लगातार कराया था। पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज करवाया और फिर जिला अस्पताल में भी दिखाया, लेकिन लंबे समय तक इलाज के बाद भी उन्हें पेट दर्द से राहत नहीं मिली। इसी तकलीफ से परेशान होकर उन्होंने यह दुखद कदम उठाया।

परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय घर के सभी लोग एक पारिवारिक कार्यक्रम के सिलसिले में मैहर गए हुए थे। तभी भूरी यादव ने घर के पास एक पेड़ पर फांसी लगा ली। पास ही रहने वाले एक रिश्तेदार ने जब उन्हें फांसी पर लटका देखा, तो तुरंत परिवार और पुलिस को सूचना दी। यह खबर मिलते ही पूरा परिवार सदमे में आ गया है और उन्हें यकीन नहीं हो रहा कि उनकी माँ ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और जांच जारी है। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि वह गांव के लोगों से भी जानकारी ले रहे हैं और इस मामले को गंभीरता से देखा जा रहा है।

### पुलिस ने 20 लीटर अवैध महुआ शराब सहित युवक को किया गिरफ्तार, स्कूटी भी जब्त

बिजुरी। बिजुरी पुलिस ने 17 मई को अवैध रूप से महुआ शराब परिवहन करते हुए सुनील कूड़ाकू (18 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी की प्लेजर स्कूटी की डिग्गी से 20 लीटर कच्ची देशी महुआ शराब बरामद हुई।

पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत शराब और स्कूटी कीमती लगभग 43 हजार रुपए की जब्ती की है। मामले में अपराध क्रमांक 155/25 दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।इस कार्यवाही में निरीक्षक विकास सिंह, आर वसंत कोल, आर विश्वजीत मिश्र और आर करमजीत सिंह की भूमिका उल्लेखनीय रही।

### सीएम हेल्पलाइन तथा समाधान आनलाइन के चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा



शहडोल। कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में विभागवार सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को संतुष्टि के साथ निराकरण दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। आपने कहा कि सभी अधिकारी राज्य स्तरीय ग्रेडिंग होने से पूर्व शिकायतों का निराकरण करें, जिससे वे ए-ग्रेड तक पहुंच सकें। सीईओ जनपद पंचायतों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को संबल योजना में पंजीयन संबंधी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए। आपने आगामी समाधान ऑनलाइन हेतु राज्य स्तर से चयनित विभागों तथा उन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए दो दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे, श्रीमती अन्तोनिआ एक्का, ज्योति परस्ते सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयक अनिश्चितकाल के लिए नही रोकना चाहिए

**विजय मत, शहडोल**

पंडित शम्भूनाथशुक्ला विश्वविद्यालय में 17 मई 2025 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 एवं 201 पर परिचर्चा का आयोजन कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर के निर्देशन में विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग मे आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रोफ़ेसर गीता सराफ विभागाध्यक्ष विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अपने उद्बोधन में कहां की अनुच्छेद 200 और 201 के प्रावधानों को लेकर न्यायपालिका एवं कार्यपालिका के बीच विवाद संवैधानिक ना होकर राजनीतिक ज्यादा है यदि राजनीतिक पार्टियां देशहित सर्वोपरि रखें तो ऐसे संवैधानिक विवाद पैदा ही नहीं होंगे, वही एलएल.एम. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा दिव्या ने कहा की अनिश्चितकाल के लिए किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते यह सहकारी परिसंघवाद की मूल भावना के खिलाफ है, एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र दीपक कुमार तिवारी ने शक्ति पृथक्करण के सिद्धांत को समझाया और कहा कि न्यायपालिका ने विधायिका के अधिकार पर अतिक्रमण नहीं किया बस बताया कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को विधेयक को अनिश्चितकाल के लिए नही रोकना चाहिए न्यायालय ने जो समय सीमा निर्धारित की है वह उचित है वही एलएल.एम. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा की कोई भी राज्य हो बस तमिलनाडु की बात नहीं है राज्यपाल को विधेयक पर निर्णय समय पर लेना चाहिए इससे विकास कार्य रुकता है, कार्यक्रम का संचालन दया शंकर तिवारी द्वारा किया गया एवं उनके द्वारा जानकारी दी गयी की इसी मामले मे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आर्टिकल 143 (1) के तहत सुप्रीम कोर्ट से 14 सवाल किए और राय मांगी है, इस संवैधानिक एवं राजनीतिक विवाद को सुलझाने का राष्ट्रापति ने जो कदम उठाया है वह मील का पत्थर साबित होगा !आभार अम्बिकेश नामदेव द्वारा किया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्र उपस्थित रहे।

# नौतपा से पहले ही झुलसाने लगी गर्मी, हाल बेहाल

## बादलों की आवाजाही और उमस ने बढ़ाया तापमान, चिकित्सकों ने दी लू से बचाव की सलाह



**विजय मत, शहडोल**

मई माह में सूर्य की किरणें तीखी चुभन देने लगी हैं। अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत में रुक-रुककर हुई बारिश के बावजूद मौसम में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। खास बात यह है कि नौतपा की शुरुआत से पहले ही नौतपा जैसे हालात बन गए हैं। मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है, लेकिन राहत की बजाय यह बदलाव बेचैनी और तपिश लेकर आया है।

**काले बादलों की मौजूदगी और फिर उमस भरी गर्मी** –शहर व आस-पास के क्षेत्रों में सुबह-सुबह आसमान में काले बादलों का डेरा नजर आता है। कभी-कभी हल्की बूंदाबांदी भी होती है, लेकिन इसके तुरंत बाद तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। बादलों की आवाजाही और नमी के कारण वातावरण में उमस बढ़ गई है, जिससे तापमान की अनुभूति और अधिक तीव्र होती है।

**तापमान 35, लेकिन महसूस हुआ 40 डिग्री** –

शनिवार को अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, लेकिन लोगों को यह तापमान 40 डिग्री से अधिक का महसूस हुआ। उमस और धूप के मेल से गर्मी की तीव्रता बढ़ गई है। दोपहर के समय सड़कों पर चहल-पहल कम नजर आई और लोग घरों में ही रहने को मजबूर हो गए।

**नौतपा करेगा और परेशान** –मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी और तेज होगी। 25 मई से शुरू होने वाले नौतपा के दौरान तापमान में काफी बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस बार नौतपा अधिक तीव्र और झुलसाने वाला हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी हवाओं के साथ आने वाली गर्म लहरें (लू) भी सक्रिय हो सकती हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित होगा।

**चिकित्सकों की चेतावनी- लू से बचें, सावधान रहें**

स्थानीय चिकित्सकों ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे मौसम में धूप में अधिक समय तक न रहें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा भरपूर मात्रा में पानी व पेय पदार्थों का सेवन करें। बच्चों, वृद्धों और बीमार लोगों को विशेष रूप से सावधानी बरतने की आवश्यकता है। लू के लक्षणों में चक्कर आना, सिरदर्द, अत्यधिक पसीना और शरीर में कमजोरी शामिल हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देना जरूरी है।

**कार्यवाही** — बच्चों के डॉक्टर के साथ अमानवीय ढ़ग से की गई मारपीट के बाद पुलिस अधीक्षक ने लिया एक्शन

# छः पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

**विजय मत, शहडोल**

पुलिसकर्मियों के खिलाफ आखिरकार घटना के तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज कर ली गयी । दर्ज एफ़आईआर के मुताबिक़ इस वारदात में शामिल पुलिसकर्मी एएसआई शुभवंत चतुर्वेदी ,सिद्धार्थ रायकवार ,हरेन्द्र सिंह तथा पवन सिंह परिहार व दो अन्य समेत कुल छः पुलिसकर्मियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 127 (1) तथा 3(5) के तहत सोहागपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है । उक्त आरोपी सभी पुलिसकर्मी इसी थाना में पदस्थ हैं । यह मामला जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कृष्णेंदु धर द्विवेदी की पत्नी रत्नमाला मिश्रा की शिकायत पर दर्ज किया गया है । इससे पहले पुलिस अधीक्षक द्वारा इस मामले की जांच अतरिक्त पुलिस अधीक्षक को सौंपते हुए तीन दिन के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही गयी थी । घायल चिकित्सक के शरीर में आई गंभीर चोटों व उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद चिकित्सक संघ के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है ।शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर कृष्णेंद्र द्विवेदी के साथ सोहागपुर थाना के पुलिस कर्मियों ने इस बेरहमी के साथ पिटाई की गयी थी कि उनकी रीढ़ की हड्डी




दो जगह से टूट गयी है । जांच के बाद रविवार को जब उनकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आई तब इस बात की पुष्टि हुई थी । वहीँ एक सरकारी चिकित्सक के साथ गुंडे मवालियों के तरह व्यवहार करने वाले सोहागपुर थाना के दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने को लेकर जिले समेत प्रदेश भर के चिकित्सकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था ।

### लाकप के अंदर भी की गई मारपीट

विदित हो कि बीते 16 मई की दरमियानी रात्रि शासकीय जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर कृष्णेंद्र धर द्विवेदी के साथ सोहागपुर थाना में पदस्थ एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी ,प्रधान आरक्षक हरेन्द्र सिंह द्वारा पहले उनके घर होमगार्ड ग्राउंड के पास जमकर मारपीट की गयी थी । इसके बाद डाक्टर को पुलिस वाहन में जबरन बैठाकर सोहागपुर थाना ले जाया गया था ,जहा एएसआई सुखवंत चतुर्वेदी ,प्रधान आरक्षक हरेन्द्र सिंह समेत उक्त आधा दर्जन पुलिस कर्मियों ने डाक्टर श्री द्विवेदी को लाकप में बंद करके डंडे एवं लात घूंसों से जमकर पिटाई कर उन्हें अधमरा कर दिया था ।पुलिस की पिटाई के कारण उनके रीढ़ की हड्डी दो जगह से टूट गयी है । साथ ही बैक में मशल्स में भी काफी गहरी चोट है । घटना की अगली सुबह 17 मई से ही डाक्टर द्विवेदी मेडिकल कालेज में भर्ती है, जहां उसका इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ चिकित्सकों द्वारा नगर में रैली निकालकर घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष एवं दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

### मजिस्ट्रियल जांच की मांग

चिकित्सकों के आक्रोश एवं घायल डाक्टर की जांच रिपोर्ट में रीढ़ की हड्डी टूटने की मेडिकल रिपोर्ट सामने आने के बाद चिकित्सक संघ का आक्रोश और बढ़ता जा रहा था । जिसके बाद सोमवार को दोपहर तीन बजे के बाद आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया । हालाकि एफआईआर दर्ज होने से पहले ही चिकित्सक संघ द्वारा पुलिस की जांच के प्रति असंतोष जताया जा रहा था । चिकित्सक संघ इस मामले की मजिस्ट्रियल जांच की मांग कर रहा था ।

## राजेन्द्रग्राम में दो ऑटो की टक्कर, 9 घायल

अनूपपुर। थाना राजेन्द्रग्राम क्षेत्र के मझगवाँ अचलपुर के पास करोंदी रोड पर दो सवारी ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। डायल-112/100 की टीम ने घायल लोगों को तुरंत राजेन्द्रग्राम अस्पताल पहुंचाया। घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी ।



## अतिथि शिक्षकों की जानकारी अद्यतन की समय-सारणी जारी

■ समय सारणी के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश

**विजय मत, भोपाल**

स्कूल शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षक पोर्टल (जीएफएमएस) पर आवेदकों को नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को अपनी शैक्षणिक और व्यावसायिक योग्यताओं की प्रविष्टि और संशोधन के निर्देश दिए थे। इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय-सारणी जारी की है। अतिथि शिक्षक एजुकेशन पोर्टल 3.0 के अंतर्गत जीएफएमएस पर नियत समय अवधि पर कार्यवाही करेंगे। अतिथि शिक्षक आवेदकों द्वारा अपनी शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता और मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा से संबंधित दस्तावेज 23 मई तक अपलोड कर सकेंगे। इसके साथ ही 23 मई तक ही आवेदक की जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर ई-केवाईसी अनलॉक कर अपडेट कर सकेंगे। आवेदकों के पंजीयन में दर्ज जानकारी कर संकुल प्राचार्य द्वारा सत्यापन का कार्य 24 मई को किया जाएगा। पूर्व में पंजीकृत आवेदन में दर्ज मोबाईल नम्बर बंद हो जाने की स्थिति में मोबाईल नम्बर परिवर्तित करने का कार्य बीईओ और डीईओ के माध्यम से 23 मई को ही किया जाएगा। अतिथि शिक्षकों के संबंध में सामान्य निर्देश भी दिये गये है। जिन आवेदकों द्वारा मध्यप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 एवं उसके उपरांत उत्तीर्ण की है। ऐसे आवेदकों द्वारा दिव्यांग केटैगिरी का चयन (विकल्प) को दर्ज किया गया है। उनके जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी स्थायी प्रमाण-पत्र जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या उससे अधिक होना अनिवार्य है। आवेदक म.प्र. के किसी भी जिले के संकुल में उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही करा सकेंगे। आवेदकों को सत्र 2025-26 के लिये नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदकों के लिये दस्तावेज अपलोड एवं आवश्यक संशोधन के लिये अंतिम अवसर दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गये है कि उनके जिले के अंतर्गत समस्त संकुल प्राचार्य आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही नियत समय पर करें।

# मांजरेकर बोले-आईपीएल के इस सत्र में सूर्या का प्रदर्शन रहा है सबसे अच्छा

**मुम्बई, एजेंसी**

पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि इस आईपीएल सत्र में मुम्बई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। साथ ही कहा कि सूर्या के अलावा मुम्बई के ही हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा ने भी जरुरत पड़ने पर अपनी-अपनी टीमों की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। इसी कारण शुरुआती झटकों के बाद टीम संभल गयी। सूर्या ने इस सत्र के 12 मैचों में तीन अर्धशतक के साथ ही कुल 500 से अधिक रन बनाए हैं। सूर्या ऑरेंज कैप




है की दौड़ में भी शीर्ष पर हैं। इस सत्र में मुम्बई की शुरुआत खराब रही और वह अपने पहले मैचों में हारी थी। इसके बाद टीम ने लगातार छह मैच जीतकर वापसी की। 12 मैच में 14 अंकों के साथ ही मुम्बई प्लेऑफ की दोड़ में बनी हुई है।

मांजरेकर ने कहा, मुझे लगता है कि मुम्बई अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी। हालांकि कुछ विदेशी खिलाड़ियो के जाने से उसे थोड़ी परेशानी हो सकती है। साथ ही कहा कि टीम शुरुआत में अनिश्चित दिखी पर अब सही दिशा में जा रही है। सूर्यकुमार अपने सर्वश्रेष्ठ फार्म में हैं। मुम्बई के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अधिक दबाव वाले हालातों में और निखरते हैं। इसमें सूर्या के आलावा हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं। इसी कारण टीम को लगातार सफलता मिली है। रही है।

जिस प्रकार सीएसएके के पास शेन वॉटसन या माइक हसी जैसे स्टार खिलाड़ी थे उसी प्रकार के खिलाड़ी भी मुम्बई के पास हैं जो आगे बढ़कर मोर्चा संभालते हैं। इसी कारण ये टीमें पांच -पांच बार खिताब जीती हैं। अब मुंबई इंडियंस का लक्ष्य अपने 21 मई को होने वाले अपने मैच में दिल्ली कैपिटल्स हो हराना रहेगा। ये मैच मुम्बई की टीम को अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में खेलना है जिसका लाभ भी उसे मिलेगा।

## जीत का जश्न



स्पेन में ला लिगा फुटबॉल मुकाबले में बार्सिलोना के खिलाफ ट्रॉफी के साथ जीत का जश्न मनाते हुए।

## ऋषभ को रन बनाने ही होंगे: रैना

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और सुरेश रैना ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में अबतक लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत



असफल रहे हैं। ऐसे में अगर टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है तो ऋषभ को बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलानी होगी। सुपरजायंट्स ने 11 मैचों में से 5 जीते हैं और 10 अंक के साथ इस रेस में बनी हुई है। उसकी प्लेऑफ की उम्मीद तभी कायम रहेगी जब वह अपने सभी मैच जीते। इसके बाद भी उसे दूसरी टीमों के समीकरण पर निर्भर रहना पड़ सकता है। रैना ने ऋषभ के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा कि उसे नीलामी में 27 करोड़ रुपए मिले हैं। इसलिए उसे रन बनाने ही होंगे। रैना ने कहा,'पंत को रन बनाना चाहिए। लखनऊ के सम्मान के लिए रन बनाना चाहिए।' इस पर वीरेंद्र सहवाग ने तंज कसते हुए कहा, 'काश! पैसे देकर परफॉर्मेंस खरीदी जा सकती।'

# आईपीएल में सीएसके और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला आज

## शाम 7.30 बजे शुरू होगा मैच




**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला होगा। दोनो ही टीमें पहले ही इस टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं। ऐसे में ये मैच एक औपचारिकता भर है। दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ ही अंतिम स्थान पर आने से बचने का प्रयास करेंगी। ये मैच रॉयल्स का इस सत्र का अंतिम मैच है। टीम इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी। विशेष रुप से उसके गेंदबाज विफल रहे। टीम को हालांकि 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के रूप में एक भविष्य का सितारा जरुर मिल गया। टीम के बल्लेबाजों के प्रयासों पर उसके कमजोर गेंदबाजों ने पारी फेर दिया।

शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक निर्भरता और मध्य क्रम का असफल होना भी टीम की हार का कारण रहा। विपक्षी टीम पर अंकुश लगाने वाले गेंदबाज की कमी भी टीम के लिए नुकसान देह रही।

रॉयल्स की टीम के बल्लेबाजी ने कुछ मैचों में तेज शुरुआत की पर उनके गेंदबाजों ने सहयोग नहीं किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ उसने शुरुआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। ऐसे में टीम इस मैच को जीतकर अपने अभियान का समापन करना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करने के प्रयोग में असफल रही है। इसी कारण उसे हार का सामना करना पड़ा है। प्रभावित हुआ है।

सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें थीं पर दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों को वह निखारने का प्रयास करेगा। आयुष रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। उर्विल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आक्रामक पारी खेली थी।

इस सत्र में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने से भी सीएसके को परेशानी हुई थी जिसके कारण महेन्द्र सिंह धोनी को कप्तानी संभालनी पड़ी। इस सत्र मडेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र जैसे विदेशी खिलाड़ियों का भी उसे लाभ नहीं मिला। टीम का लक्ष्य इस मैच में नई प्रतिभाओं को आजमाना रहेगा।

### टीम इस प्रकार हैं

**चेन्नई सुपरकिंग्स**-महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रविंद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्दार्थ और वंश बेदी।

**राजस्थान रॉयल्स**-संजू सैमसन (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा, युद्धवीर सिंह।


## बुमराह को कप्तान बनाने के पक्ष में इशांत

**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इशांत शर्मा का का मानना है कि आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए जसप्रीत बुमराह को भारतीय टीम की कप्तानी दी जानी चाहिये। इशांत के अनुसार अगर बुमराह पूरी सीरीज खेलने के लिए उपलब्ध नहीं होते है तभी शुभमन गिल को कप्तानी दी जानी चाहिये। इंग्लैंड दौर के ठीक पहले अचानक ही रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के कारण अगले कप्तान की तलाश जारी है। कप्तानी की दौड़ में शुभमन का नाम सबसे आगे हैं हालांकि पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और अनिल कुंबले बुमराह को कप्तान बनाये जाने के पक्ष में हैं पर कई खिलाड़ियों का मानना है कि बुमराह की खराब फिटनेस को देखते हुए वह कप्तानी के योग्य नहीं हैं। इशांत ने कहा कि अगर बुमराह फिट होते हैं तो मैं कहूंगा कि बुमराह को कप्तानी मिलनी चाहिये क्योंकि उनके पास लंबा अनुभव है।

# आरसीबी फाइनल में पहुंची तो स्टेडियम में रहूंगा: विलियर्स

**जोहांसबर्ग, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डी विलियर्स ने कहा है कि अगर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम आईपीएल फाइनल में पहुंची तो वह मैच देखने भारत जाएंगे। लंबे समय तक आरसीबी से खेले विलियर्स ने कहा है कि इस बार टीम ने काफी अच्छा खेला है और वह




खिताब जीत सकती है। इस क्रिकेटर के अनुसार इस बार आरसीबी बहुत अच्छा खेल रही है और यह टीम प्लेऑफ में अपनी जगह तकरीबन पक्की कर चुकी है।

विलियर्स ने आईपीएल में 11 साल तक आरसीबी से खेला है। वह साल 2011 से 2021 तक टीम में रहे हैं। उनकी विराट कोहली के साथ कई धमाकेदार पारियां रहीं हैं। एक समय ऐसा था जब आरसीबी के पास कोहली, डी विलियर्स और क्रिस गेल जैसे खतरनाक बल्लेबाज थे। हालांकि टीम इसके बाद भी एक बार भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पायी थी। इस सीजन में टीम के बेहतरीन प्रदर्शन को देखकर उत्साहित डी विलियर्स ने कहा कि वह अपने करीबी दोस्त विराट कोहली के साथ ट्रॉफी उठाना चाहते हैं। इसलिए, अगर आरसीबी फाइनल में पहुंचती है तो वह निश्चित रूप से भारत आएंगे।

## ईसीबी ने भारत दौरे से पहले डेटा विश्लेषकों को हटाया

**लंदन।** भारत के खिलाफ अगले माह होनी वाली सीरीज को देखते हुए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) बदलावों में लगी है। इसी के तहत ही उसने अपने डेटा विश्लेषकों फ्रेडी वाइल्ड और नाथन लेमन को हटा दिया है। इसका कारण टीम के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम को डेटा जैसी बातों पर भरोसा नहीं होना है। एक रिपोर्ट के अनुसार लेमन और फ्रेडी के बाहर होने से तय है कि टीम अ डेटा आंकलन पर अधिक जोर नहीं दे रही। लीमन और वाइल्ड सबसे वरिष्ठ डेटा विश्लेषक और सीमित ओवरों के विश्लेषक है। दोनों राष्ट्रीय टीम के साथ काफी समय रहे हैं। अब ये दोनो इस महीने के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में शामिल नहीं रहेंगे। इस सीरीज में इंग्लैंड टीम पहली बार हैरी ब्रुक की कप्तानी में उतरेगी।

# बिजनेस

## एल्युमीनियम मामूली तेजी के साथ 239 रुपये किलो

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सटोरियों के ताजा सौदे करने से सोमवार को वायदा बाजार में एल्युमीनियम की कीमतें 1.25 रुपये की मामूली तेजी के साथ 239.10 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गईं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जून डिलीवरी वाले एल्युमीनियम अनुबंध की कीमत 1.25 रुपये अथवा 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 239.10 रुपये प्रति किलोग्राम पर थी। इसमें 2,154 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार के विश्लेषकों ने कहा कि उपभोक्ता उद्योगों की मांग के बीच कारोबारियों के ताजा सौदे करने से वायदा बाजार में एल्युमीनियम कीमतों को समर्थन मिला।

## रिलायंस पावर ने भूटान के साथ किया बिजली खरीद समझौता

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर ने ग्रीन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के साथ दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भूटान की सबसे बड़ी सौर ऊर्जा परियोजना में 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी वाला संयुक्त उद्यम खोला जाएगा7 इस परियोजना में 500 मेगावाट की क्षमता होगी और इसके लिए 2,000 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय किया जाएगा। इस समझौते से भूटान के सौर ऊर्जा क्षेत्र में नए एफडीआई परियोजना के निवेश के रूप में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कंपनी ने इसे क्षेत्रीय स्वच्छ ऊर्जा एकीकरण और भारत-भूटान सीमा पार ऊर्जा विनियमन में मददगार माना है।

## मैजिकनाउ 2025-26 में खाद्य वितरण कारोबार में 20 प्रतिशत योगदान देगा

**नई दिल्ली।** स्थानीय स्तर पर ई-कॉमर्स सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी मैजिकपिन को उम्मीद है कि उसकी त्वरित वाणिज्य शाखा मैजिकनाउ चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कुल खाद्य वितरण कारोबार में 20 प्रतिशत का योगदान देगी। मैजिकपिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मैजिकनाउ की शुरुआत सितंबर 2024 में हुई थी और कंपनी के कुल खाद्य वितरण कारोबार में उसकी 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि मैजिकनाउ 15 मिनट में सामान पहुंचाने वाली सेवा पहले ही हमारे कुल खाद्य वितरण कारोबार में 13 प्रतिशत का योगदान दे रही है। हम इसे चालू वित्त वर्ष के अंत तक 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की राह पर हैं। मैजिकपिन ने मैजिकनाउ सेवाओं का विस्तार छह महानगरों से 20 घनी आबादी वाले शहरों तक किया है। उन्होंने कहा कि कंपनी को मैजिकनाउ के लिए उपभोक्ताओं और रेस्तरां भागीदारों से मजबूत प्रतिक्रिया मिली है।

## आईपीओ लॉन्च करने की तैयारी में कलरबार कॉस्मेटिक्स


**नई दिल्ली।** मेकअप और स्किनकेयर ब्रांड कलरबार कॉस्मेटिक्स ने आईपीओ बाजार में प्रवेश करने का ऐलान किया है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 2027 की शुरुआत में लिस्टिंग की योजना है। दरअसल, इस वित्तीय वर्ष में कलरबार ने नई पैकेजिंग और स्टोर अपग्रेड करने समेत कई अन्य योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी का वर्तमान राजस्व दोगुना होकर 10 बिलियन रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। कलरबार का मकसद है अपनी स्किनकेयर उत्पादों को मजबूत करने और विदेशी ब्रांडों को अधिग्रहण करने में मदद मिलना। कंपनी को नाइका और ममाअर्थ से तकरीबन सात प्रतिशत बाजार हिस्सा हासिल करने की उम्मीद है। हालांकि, कलरबार को शुगर कॉस्मेटिक्स, माईग्लैम, एस्टी लॉडर, बॉबी ब्राउन, मैक जैसी वैश्विक बड़ी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करनी होगी।

# सोने और चांदी की कीमत में नरमी

- सोने का भाव 92,480 प्रति 10 ग्राम, चांदी की कीमत 95,297 रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता में नरमी और भारत-पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनावों में कमी आने की वजह से भारत के सराफा बाजारों में सोमवार को सोने और चांदी के दामों में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवर को सुबह की शुरुआत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 10 ग्राम सोने का भाव 92,480 था, जबकि एक किलोग्राम चांदी की कीमत 95,297 दर्ज की गई। वहीं इंडियन



बुलियन एसोसिएशन की वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के मुताबिक 24 कैरेट सोना 92,880 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,140 प्रति 10 ग्राम रहा। चांदी की बात करें तो 999 फाइन सिल्वर की कीमत 95,490 प्रति किलोग्राम रही। सोने और चांदी की कीमतों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों ही तरह के विभिन्न कारकों के कारण लगातार उतार-चढ़ाव होता रहता है।

## वित्त वर्ष 25 में सरकार को रिकॉर्ड सरप्लस ट्रांसफर की उम्मीद

# भारतीय रिजर्व बैंक बढ़ा सकता है रिस्क बफर का दायरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड ने पिछले सप्ताह अपनी बैठक में आर्थिक पूंजी ढांचे (ईसीएफ) की समीक्षा के दौरान आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार से मंजूरी मांगी है। इस मामले से संबंधित जानकारी सूत्रों के मुताबिक मिली है। बिमल जालान समिति की सिफारिश के अनुसार मौजूदा बफर केंद्रीय बैंक के बहीखाते का 5.5 से 6.5 फीसदी है। रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को




हस्तांतरित किया जाने वाला अधिशेष इस बात पर निर्भर करता है कि केंद्रीय बैंक कितना जोखिम बफर बनाए रखना चाहता है। जोखिम बफर अधिक होने का मतलब साफ है कि सरकार को हस्तांतरित की जाने वाली अधिशेष रकम कम होगी। इसी प्रकार जोखिम बफर कम रहने पर सरकार के लिए अधिशेष रकम अधिक होगी। एक सूत्र ने कहा कि जालान समिति द्वारा सुझाए गए ढांचे ने पिछले पांच साल के दौरान काफी हद तक अच्छा काम किया है। इसका दायरा काफी महत्वपूर्ण है। मौजूदा चुनौतियों और उतार-चढ़ाव के मद्देनजर हम यह देखने की कोशिश कर रहे हैं कि बड़े दायरे के बारे में कैसे सोचा जा सकता है।' अगली बैठक 23 मई को होगी। उसमें खातों को अंतिम रूप दिया जाएगा और केंद्र की मंजूरी के बाद नई सीमा के आधार पर हस्तांतरण योग्य अधिशेष पर निर्णय लिया जाएगा।

# सेंसेक्स 271 अंक गिरकर 82,059 पर बंद, 74 अंक लुढ़का, एनएसई के आईटी सेक्टर में बिकवाली

## रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स सबसे ज्यादा चढ़े

**मुंबई, एजेंसी**

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार, 19 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 271 अंक नीचे 82,059 पर बंद हुआ। निफ्टी में 74 अंक की गिरावट रही, ये 24,945 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट रही। जोमैटो 3 प्रतिशत फिसला। इंफोसिस, टेक महिंद्रा और TCS में 2 प्रतिशत तक की गिरावट रही। पावर ग्रिड, NTPC और बजाज फाइनेंस 1.3 प्रतिशत ऊपर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 नीचे बंद हुए। एनएसई के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.37 प्रतिशत की गिरावट रही। मीडिया और ऑयल एंड गैस में भी मामूली गिरावट रही। जबकि, रियल्टी में 2.23 प्रतिशत, सरकारी बैंकों में 1.48 प्रतिशत और फाइनेंशियल सर्विसेज में 0.62 प्रतिशत की तेजी रही।



पैन बनाने वाली आईटी सर्विस कंपनी प्रोटिअन ई-गवर्नेंस टेक्नोलॉजीज के शेयर में आज 20 प्रतिशत का लोअल-सर्किट लग गया। क्योंकि पिछले हफ्ते इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने PAN 2.0 प्रोजेक्ट के लिए कंपनी का आवेदन रिजेक्ट कर दिया था। आज कंपनी का शेयर 1,143 पर ओपन हुआ। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन यानी शुक्रवार (16 मई) को यह 1,428.90 पर बंद हुआ था।

बोराना वीव्स लिमिटेड का IPO यानी इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग 20 मई को ओपन हो रहा है। निवेशक इस इश्यू के लिए 22 मई तक बोली लगा सकेंगे। कंपनी के शेयर 27 मई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी कुल 145 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इसके लिए कंपनी करीब 67 लाख फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी ह्रस्र के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे।

पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 16 मई को बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 82,330 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 42 अंक की गिरावट रही। ये 25,019 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में गिरावट और 16 में बढ़त देखने को मिली। आज बैंकिंग और आईटी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। वहीं एनर्जी और फाइनेंस शेयर्स मजबूती के साथ बंद हुए।

# भारत ने रिकॉर्ड 24 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया

- भारत ने अकेले अमेरिका को 10.6 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने वित्त वर्ष 2025 में स्मार्टफोन निर्यात में एक नई उपलब्धि हासिल की है। देश ने रिकॉर्ड 24.14 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया है, जो पिछले वर्ष के स्मार्टफोन निर्यात के 55 फीसदी ज्यादा है। भारतीय मेड इन इंडिया स्मार्टफोन की मांग अमेरिका, नीदरलैंड, इटली, जापान और चेक गणराज्य में बढ़ी है। भारत ने अकेले अमेरिका को 10.6 बिलियन डॉलर के स्मार्टफोन का निर्यात किया है। इस उछाल के साथ, भारतीय स्मार्टफोन निर्यात ने पेट्रोलियम उत्पादों और हीरे के निर्यात मूल्य को भी पार कर दिया है। भारत ने अपनी व्यवसायिक नुकसान से चीन के उत्पादन मार्ग को भी स्वीकार करते हुए, ऐप्पल जैसी दिग्गज कंपनियों को अपने मैन्युफैक्चरिंग बेस को भारत में शिफ्ट करने का मौका दिया है। यह नया उत्कृष्टता का पहलू दिखाता है जो भारत को एक मान्यता प्राप्त निर्यात नेतृत्व प्राप्त कराने के लिए तैयार कर रहा है। मेड इन इंडिया स्मार्टफोन अब दुनिया भर में अपनी नई प्रतिष्ठा बना रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में भारतीय स्मार्टफोन्स का निर्यात भारी समृद्धि प्राप्त कर रहा है, जो स्मार्टफोन उत्पादन में सारे देशों के बीच स्थान बदल देगा।

## एमजी मोटर इंडिया ने बिक्री में बनाया एक नया रिकार्ड

**नई दिल्ली।** अप्रैल महीने में एमजी मोटर इंडिया ने इस साल की अपनी सबसे बड़ी बिक्री दर्ज कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। एमजी के पोर्टफोलियो में इलेक्ट्रिक कारों की संख्या आईसीई (इंटरनल कॉम्बस्टन इंजन) वाहनों से कहीं अधिक है, और कंपनी की विंडसर ईवी देश की सबसे लोकप्रिय इलेक्ट्रिक कार बनी हुई है। कंपनी ने पिछले महीने कुल 5,829 कारें बेचीं, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रमुख हिस्सा रहा। हाल ही में एमजी ने विंडसर ईवी का प्रो वर्जन भी लॉन्च किया है, जो बड़ा बैटरी पैक और लंबी रेंज के साथ आता है। अप्रैल में भी विंडसर सबसे ज्यादा बिकने वाली कार रही। इस साल के पहले चार महीनों में स्न्न मोटर की सेल्स में विंडसर ईवी की मांग खास रही। जनवरी में 3,277 यूनिट, फरवरी में 2,431, मार्च में 3,641 और अप्रैल में 3,660 विंडसर ईवी बिक चुकी हैं। इसके अलावा, हेक्टर एसयूवी की बिक्री भी लगातार बढ़ रही है जनवरी में 449, फरवरी में 515, मार्च में 547 और अप्रैल में 977 यूनिट्स बिकीं। झेडएस ईवी की मांग भी बढ़ी है, जनवरी में 265 यूनिट से लेकर अप्रैल में 864 यूनिट तक पहुंच गई है। एमजी की अन्य कारों में कॉमेट ईवी, एस्टर और ग्लॉस्टर की बिक्री में उतार-चढ़ाव दिखा। कुल मिलाकर, जनवरी में 4,455, फरवरी में 4,002, मार्च में 5,501 और अप्रैल में 5,829 गाड़ियां बिकीं। हाल ही में कॉमेट ईवी के बेस मॉडल एक्सीक्यूटिव की कीमत में 35,700 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिससे इसकी एक्स-शोरूम कीमत अब 7.35 लाख रुपये से शुरू होती है।

## न्यूज़ इन शॉर्ट

### रायगढ़ में एक घर से मिला बुजुर्ग दम्पति का शव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रायगढ़ के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र के कसेर पारा इलाके में सोमवार को एक बंद घर से बुजुर्ग दम्पति का शव मिला। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान 80 वर्षीय सेवानिवृत्ति शिक्षक गोपाल लाल नगायच और उनकी 75 वर्षीय पत्नी के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि तक दम्पति की दो पुत्रियों और पुत्र का विवाह हो चुका था, पुत्र कोलकाता में काम करता है और पत्नी और बच्चों के साथ वहीं निवास करता है। उनका पुत्र तीन दिनों से अपने माता-पिता से संपर्क करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मोबाइल पर संपर्क नहीं हो पा रहा था।

### कोरबा में हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से नाबालिग की मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में अडानी पावर प्लांट की दीवार फांद कर अंदर घुसते समय हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से नाबालिग की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान चिंतामणि बिंझवार (15) के रूप में की है। उन्होंने बताया कि यह घटना सोमवार को उराग थाना क्षेत्र के कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग स्थित पावर प्लांट में हुई। फैक्ट्री प्रबंधन के अनुसार चिंतामणि अपने दोस्तों के साथ प्लांट की दीवार से कूदकर अंदर घुसने का प्रयास कर रहा था। तभी दीवार पर चढ़ते समय वह 11 केवी की बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह लगभग 15 फुट ऊंची दीवार से नीचे गिर गया और मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

### हिट एंड रन के तीन पीड़ितों को मिली 2-2 लाख की राहत राशि मिली

रायपुर। सड़क दुर्घटनाओं में तेजी से हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा हिट एंड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 लागू की गई है।राहत राशि के लिए आवेदनकर्ता को प्रथम सूचना रिपोर्ट , मृत्यु प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), शव परीक्षण रिपोर्ट, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और दुर्घटना से संबंधित अन्य दस्तावेजों के साथ अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के पास आवेदन करना होता है।रायपुर जिले में अब तक हिट एंड रन के 40 मामलों में कुल 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है। इनमें से तीन पीड़ितों- श्रीमती तिजेश्वरी बाई साहू (रावाभाठा, रायपुर), श्रीमती रगसिल यादव (ग्राम पसौरी, तिल्दा-नेवरा) और अशोक वर्मा (ग्राम निनवा, तिल्दा-नेवरा) को आज दो-दो लाख रुपये की राशि सीधे उनके खातों में भेजी गई। उल्लेखनीय है कि हिट एंड रन की घटनाएं वह होती हैं, जहां कोई अज्ञात वाहन चालक किसी व्यक्ति, वाहन या संपत्ति को टक्कर मारकर बिना रुके, मदद किए या पुलिस को सूचना दिए मौके से फरार हो जाता है।

लाइसेंस और पंजीयन संबंधी कार्यों में आमजन को मिलेगी बड़ी सुविधा

# मुख्यमंत्री साय ने किया मुंगेली में नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय का लोकार्पण

**विजय मत,रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मुंगेली जिले के पथरिया विकासखंड के ग्राम बछेरा में 1 करोड़ 72 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जिले में स्थायी परिवहन कार्यालय भवन की सुविधा का अभाव था, जिससे आम नागरिकों को लाइसेंस, वाहन पंजीयन और अन्य कार्यों में कठिनाई होती थी। अब नए भवन के साथ यह सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी, जिससे जनता को काफी राहत मिलेगी।लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री ने पांच आवेदकों को प्रतीक स्वरूप लर्निंग लाइसेंस प्रदान किए, जिससे उनके चेहरे पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध और सुगम सेवाएँ उपलब्ध कराना है। नये कार्यालय भवन के माध्यम से वाहन पंजीयन, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सभी प्रमुख सेवाएं एक ही परिसर में उपलब्ध होंगी।छह



एकड़ भूमि में निर्मित इस परिसर में एक एकड़ में कार्यालय भवन तथा पाँच एकड़ क्षेत्र ड्राइविंग टेस्ट और फिटनेस टेस्टिंग सेंटर के लिए आरक्षित रखा गया है। भवन में 18 कक्ष, 6 हॉल, अटैच लेट-बाथ तथा सामान्य शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यालय को पूर्णतः सुविधायुक्त रूप में डिजाइन किया गया है, जिससे विभागीय कार्यों की दक्षता भी बढ़ेगी।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 से अब तक जिले में 11,721 ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा चुके हैं और 49,000 से अधिक वाहनों का पंजीयन हो चुका है। यह आंकड़ा दशार्ता है कि लोगों में परिवहन सेवाओं की बड़ी मांग है, जिसे यह नया कार्यालय सुगमता से पूरा करेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में विकास को गति देने के साथ-साथ प्रशासनिक दक्षता और सेवा-सुलभता को बढ़ाना हमारी सरकार का सतत प्रयास है।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, विधायकपुन्नूलाल मोहले, धरमलाल कौशिक, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी दयानंद सहित अन्य अधिकारीगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

### टी.बी मरीजों के लिए नि:क्षय मित्र बने राज्यपाल डेका

रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने राज्य के बिलासपुर, कोरिया और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के 30 टी.बी. मरीजों की मदद के लिए निःक्षय मित्र बनते हुए 1 लाख 80 हजार रुपए की राशि अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान की है। इस सहायता से मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगा जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी।राज्यपाल डेका ने बिलासपुर जिले के 10 टी.बी. मरीजों को एक वर्ष के लिए 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी है। इसी तरह सारंगढ़-बिलाईगढ़ और कोरिया जिलों के 10-10 टी.बी. मरीजों को भी प्रति माह पांच सौ रुपए के मान से एक वर्ष के लिए 60-60 हजार रुपए आर्थिक सहायता राशि दी गई है।उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की फ्लैगशीप योजना प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत देश एवं प्रदेश को वर्ष 2025 तक टी.बी मुक्त बनाना लक्ष्य है।

# टीमवर्क और जवाबदेही के साथ काम करें शिक्षक-प्राचार्य: कलेक्टर डॉ. सिंह

**विजय मत,रायपुर।**

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज जे.आर. दानी कन्या विद्यालय में जिले के समस्त प्राचार्य और अधिकारियों की बैठक ली। शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्तापूर्वक बनाने उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सभी प्राचार्य जवाबदेही और टीमवर्क के साथ काम करें। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्ययोजना बनाएं, हर शिक्षक अपनी जिम्मेदारी समझे और रिजल्ट ओरिएंटेड कार्य करें।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने शिक्षकों को शाला में नियमित रूप से उपस्थित रहने निर्देश दिया।

शिक्षकों से उन्होंने कहा कि वार्षिक टाइम-टेबल बनाकर सिलेबस समय पर पूरा करें। शाला प्राचार्य अब बच्चों की कॉपी चेक करेंगे और जहां

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने शिक्षा विभाग की बैठक ली



आवश्यकता होगी, सुझाव देंगे और बदलाव करेंगे।कलेक्टर डॉ. सिंह ने सभी से रूबरू होकर उनकी समस्याएं जानी और कहा कि शिक्षकों को अच्छे परिणाम देने प्रोत्साहित करे ताकि रायपुर जिले का परिणाम बेहतर हो।बैठक में संयुक्त संचालक श्री राकेश पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, शाला प्राचार्य और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### राज्यपाल डेका से छत्तीसगढ़ टेरियर्स के कमांडिंग ऑफिसर ने सौजन्य भेंट की




रायपुर। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज यहां राजभवन में 155 इन्फैंट्री बटालियन जम्मू-कश्मीर राइफल्स (छत्तीसगढ़ टेरियर्स) नवा रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राज कुमार ने सौजन्य भेंट की।

# छत्तीसगढ़ में शुरू होगा भू-जल संवर्धन मिशन, भू-जल और वर्षा जल संरक्षण पर शहरों में होंगे प्रभावी काम

- मुख्यमंत्री करेंगे मिशन का शुभारंभ
- हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, विभिन्न विभाग और विशेषज्ञ जल संरक्षण पर करेंगे मंथन

**विजय मत,रायपुर।**

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय भू-जल संवर्धन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 20 मई को इसका शुभारंभ करेंगे। मिशन के तहत प्रदेश के शहरों में भू-जल और वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रभावी काम किए जाएंगे। भू-जल संवर्धन मिशन के शुभारंभ के मौके पर हाइड्रोलॉजिस्ट्स, कॉलोनाइजर्स, उद्योग, राज्य शासन के विभिन्न विभाग तथा विशेषज्ञ जल संरक्षण, इसके उपायों और परिणामों पर मंथन भी करेंगे।रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 20 मई को दोपहर तीन बजे से आयोजित भू-जल संरक्षण मिशन के शुभारंभ कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विशेषज्ञ जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करेंगे। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव इस दौरान शहरों में जल संरक्षण पर विशेषज्ञों से चर्चा करेंगे। वे प्रदेश के नगरीय निकायों में जल संरक्षण की भावी कार्ययोजना भी साझा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वितीय सत्र में शाम छह बजे मिशन का शुभारंभ करेंगे। वे नगरीय निकायों में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय कार्यक्रम में भू-जल संवर्धन मिशन के ब्रोशर का विमोचन और इस पर तैयार वीडियो भी लॉन्च करेंगे।वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा रायपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण सर्वश्री राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, अनुज शर्मा, इन्द्र कुमार साहू तथा रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि भू-जल संवर्धन मिशन का शुभारंभ कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम सत्र में देश के ख्यातिलब्ध विशेषज्ञ एवं अधिकारी भू-जल एवं वर्षा जल संरक्षण पर देश-विदेश में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनके परिणामों पर चर्चा कर छत्तीसगढ़ में इसके क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श करेंगे।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पहुंचा प्लास्टिक निर्माता संघ और बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल

**विजय मत,रायपुर।**

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के रायपुर कार्यालय में प्लास्टिक निमार्ता संघ और बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से मुलाकात की। इस दौरान सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। चेंबर अध्यक्ष ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की शक्ति सभी व्यापारी साथीगण है, हमारा प्रयास है कि सभी को साथ लेकर आगे बढ़ते हुए चेंबर को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकें जिससे चेंबर के सदस्यों की सभी

चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से की मुलाकात, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो तथा हम शासन और व्यापारियों के मध्य एक सेतु की तरह कार्य करते हुए सभी के हित में अधिक से अधिक कार्य कर सकें। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया , उपाध्यक्ष शंकर बजाज , विकास आहूजा और दिलीप इसरानी जी साथ रहे। साथ ही बार एसोसिएशन से अधिवक्ता महेश कुमार शर्मा , सीए चेतन तारवानी , अधिवक्ता दयाल राजपाल , कर सलाहकार अखिलेश अवधिया , संतोष दुबे , सीए दिनेश तारवानी , सीए रवि ग्वालानी, मनीष बजाज, अधिवक्ता पलाश सोनी, सतीश तावनिया तथा प्लास्टिक निमार्ता संघ से संतोष जैन, विजय कुमार हेमानी , आशीष , लखन दस मलानी , प्रदीप जैन , रोहित टेकवानी , प्रणय खंडेलवाल, अजय पारख, लक्ष्मी प्रसाद, कैलाश किंजरानी, अनिल हेमानी, सुनील अंदानी, संतोष फागवानी, कृष्णा फागवानी, सुभाष जैन, संपत लाला जैन, अभिषेक जैन, जितेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विपुल गोविंदनी, अजय टेकवानी, राजू चंदनानी, सुरेश सचदेव जी उपस्थित रहे।

# पायलट बोले-व्यापार का डर दिखाकर अमेरिका ने सीजफायर कराया

कांग्रेस ने 'संविधान बचाओ रैली' का किया आयोजन



**विजय मत,ब्यूरो,जांजगीर।**

जांजगीर-चांपा में कांग्रेस 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन हुआ। सोमवार को हॉकी ग्राउंड में हुई सभा में सचिन पायलट, भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के सभी बड़े नेता एक मंच पर दिखे।इस दौरान सचिन पायलट ने कहा कि, आश्चर्य हुआ कि, सीजफायर की घोषणा दूसरे देश का राष्ट्रपति कर रहा है वो भी व्यापार का डर दिखाकर। हम कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।वहीं भूपेश बघेल ने कहा कि, मनमोहन सिंह ने 26/11 की घटना में कमांडो उतारा और कसाब को जिंदा पकड़ा। पहलगाम हमले के बाद अमित शाह जी उतरे थे लेकिन आज तक आतंकवादियों को नहीं पकड़ा गया।

खास-खबर

आईसीएआर-एनआईबीएसएम, अभियान की निगरानी का नेतृत्व करेगा

# छत्तीसगढ़ के सभी विकास खंडों में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**विजय मत,रायपुर।**

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 नामक एक राष्ट्रव्यापी प्री-खरीफ अभियान शुरू किया है। 29 मई से 12 जून 2025 तक चलने वाले इस 15 दिवसीय अभियान का लक्ष्य देश के 700 जिलों के लगभग 1.5 करोड़ किसानों तक पहुंचना है। छत्तीसगढ़ में यह अभियान सभी विकास खंडों में चलाया जाएगा, जिसका समन्वय आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर द्वारा किया जाएगा। आईसीएआर-एनआईबीएसएम के निदेशक डॉ. पीके राय ने बताया कि आईसीएआर-एनआईबीएसएम और कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के साथ-साथ कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए संयुक्त टीमें बनाई गई हैं।

इसके अलावा, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील




किसान भी क्षेत्र स्तर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

प्रत्येक टीम प्रतिदिन तीन किसान संवाद बैठकें आयोजित करेगी। छत्तीसगढ़ में अभियान के दौरान, फील्ड टीमें किसानों के साथ वैज्ञानिक बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिदिन 2 से 3 चयनित ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगी। अभियान के मुख्य फोकस क्षेत्रों में धान की सीधी बुवाई, कीटनाशक के इस्तेमाल के लिए ड्रोन का इस्तेमाल, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, उन्नत बीजों की किस्मों का प्रचार-प्रसार, उर्वरकों का संतुलित उपयोग और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में राज्य प्रायोजित योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है। आईसीएआर-एनआईबीएसएम, रायपुर राज्य भर में अभियान की प्रगति और प्रभावशीलता की निगरानी का नेतृत्व करेगा।

### कृषि मंत्री राम विचार नेताम से शिवराज ने की चर्चा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान पर सोमवार को छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने एक राष्ट्र, एक टीम, एक कृषि की धारणा से काम करने की अपील की।

चौहान ने विकसित कृषि संकल्प अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997